विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-36911

तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 126 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 06 फरवरी 2025 डाक 07 फरवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

विविधा

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का पटना एयरपोर्ट पहुंचने पर समर्थकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया

देश-विदेश

राज्यपाल का विधेयकों को मंजूरी नहीं देना लोकतांत्रिक प्रणाली की विफलता, तमिलनाडु ने कोर्ट से कहा

फीचर

पपीता ही नहीं इसके बीज खाने के भी हैं ये कमाल के फायदे

महाकुंभ में स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी जीप की बस से टक्कर, पिता-बेटी की मौत, 10 लोग घायल

उन्नाव, 06 फरवरी [एजेंसी]।

कानपुर-लखनऊ हाइवे पर अजगैन क्षेत्र में गुरुवार सुबह करीब 6.30 बजे हादसा हुआ। कुंभ स्नान कर लौट रही श्रद्धालुओं से भरी एक मार्शल जीप आगे चल रही रोडवेज बस से टकरा गई। हादसे में पिता-पुत्री की मौत गई और 10 गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख-पुकार के बीच 20 मिनट बाद पहुंची पुलिस ने जीप में फंसे लोगों को बाहर निकालकर सीएचसी पहुंचाया। करीब एक घंटे हाइवे पर जाम के हालात रहे।

क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटाकर आवागमन सामान्य कराया गया। चालक को झपकी लगने से हादसे की बात सामने आई है। मध्य प्रदेश के ईशागढ़ व शिवपुरी के 12 श्रद्धालु मार्शल जीप से एक फरवरी को कुंभ स्नान के लिए पहुंचे थे। स्नान के बाद सभी वाराणसी काशी विश्वनाथ फिर अयोध्या में रामलला के दर्शन कर चित्रकूट जा रहे थे। अजगैन क्षेत्र में चमरौली गांव के सामने जीप आगे चल रही महोबा डिपो की रोडवेज बस में पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि दो श्रद्धालु 55 वर्षीय सुरेश तिवारी निवासी ईशागढ़ अशोक नगर मध्यप्रदेश व उनकी 30 वर्षीय बेटी राधा व्यास पत्नी कपिल व्यास निवासी शिवपुरी मध्यप्रदेश की मौके पर मौत हो गई। पत्नी ओमवती समेत 10 लोग घायल हो गए। सभी को सीएचसी ले जाया गया, वहां से दो को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। ओमवती को कानपुर एलएलआर रेफर किया गया है। अन्य की हालत सामान्य है। सीओ हसनगंज संतोष सिंह ने सीएचसी पहुंचकर घायलों का हाल जाना। पुलिस दूसरे वाहन से अन्य यात्रियों को गंतव्य तक भेजने का प्रबंध कर रही है।विमला सिंह पत्नी विनोद निवासी शिवपुरी मध्यप्रदेश, परमाण सिंह पुत्र राजूनाथ सिंह निवासी मध्यप्रदेश, भगवती पत्नी जगदीश निवासी ईसागढ़ मध्य प्रदेश, सतीश निवासी मध्यप्रदेश, रानी, अंश, अनिका, चालक शिवा, ओमवती सुषमा भार्गवाउधर, इटावा में दिल्ली से प्रयागराज कुंभ जा रही निजी बस आगरा-कानपुर नेशनल हाईवे पर सुबह करीब 5.30 बजे बकेवर बाईपास पर पीछे से ठंपर में घुस गई, जिससे करीब एक दर्जन यात्री घायल हो गए। सभी को महेवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बकेवर प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह राठी ने बताया कि यात्रियों को मामूली चोटें आई है सभी लोग सुरक्षित बच गए। जिन लोगों के चोट आई है उनको जिला अस्पताल भेजा गया है। संभवत चालक को नींद का झोंका आ जाने के कारण पीछे से डंपर में घुस गई।

सीएम साय से नए डीजीपी अरुण देव गौतम ने की मुलाकात

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री साय ने उन्हें नए दायित्वों के लिए शुभकामनाएं दी। अरुण देव सिंह गौतम 1992 बैच के आईपीएस हैं। प्रमोशन की खबर मिलते ही मंगलवार को उनके पैतृक गांव में परिजनों के साथ आस-पास के ग्रामीणों ने खुशियां साझा करते हुए एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। इसके बाद यूपीएससी क्रैक कर 12 अक्टूबर 1992 को आईपीएस की सर्विस जॉइन की। उन्हें पहले मध्य प्रदेश कैडर एलॉट हुआ था। प्रशिक्षु आईपीएस के तौर पर उनकी पहली पोस्टिंग एमपी के जबलपुर में हुई। बिलासपुर जिले के सीएसपी रहें। 1992 बैच के आईपीएस श्री गौतम को मंगलवार को छत्तीसगढ़ का नया डीजीपी बनाया गया है। गृह विभाग ने प्रमोशन कर उन्हें इस पद पर नियुक्ति के आदेश जारी किया है। आईपीएस अरुण देव गौतम मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में महत्वपूर्ण पदों पर तैनात रहे हैं। अरुण देव गौतम पुलिस विभाग में अपनी साफ सुथरी छवि और ईमानदार अधिकारियों के फेहरिस्त में गिने जाते हैं।

अमेरिका में टकराए दो विमान बाल-बाल बची यात्रियों की जान

नई दिल्ली। अमेरिका के वाशिंगटन में एक और विमान हादसा हुआ है। हादसा वाशिंगटन के सबसे बड़े शहर सिएटल में एयरपोर्ट पर हुआ, सिएटल टैकोमा एयरपोर्ट पर जापान एयरलाइंस और डेल्टा एयरलाइंस के विमान आपस में टकरा गए थे। गनीमत रही कि इस हादसे में जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ। हालांकि यात्रियों में चीख पुकार मच गई थी, लेकिन किसी को चोट नहीं लगी।

दुर्घटना सुबह 10.17 बजे हुई जब जापानी विमान के गुजरते ही टैक्सींग विमान के विंग्स खड़े डेल्टा विमान के पिछले हिस्से से टकरा गए। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो भी सामने आया है। यात्रियों ने घटना की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट कीं, जापानी विमान का एक विंग डेल्टा जेट के पिछले हिस्से में फंस गया।

47 कांग्रेसी पार्टी से सस्पेंड, निकाय चुनाव में बीजेपी को सपोर्ट देने का आरोप

बिलासपुर, 06 फरवरी [एजेंसी]।

नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में पार्टी के खिलाफ करने वालों एक्शन शुरू हो गया है। भाजपा के बाद अब कांग्रेस भी अपने बागी नेताओं पर कार्रवाई कर रही है। कांग्रेस ने बिलासपुर जिले के 47 बागी नेताओं पर बड़ा एक्शन लिया है। सभी को 6 साल के लिए पार्टी से निष्काशित कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार जिन लोगों पर कार्रवाई की गई है, वे सभी निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों में पार्टी के खिलाफ काम कर रहे थे। कोई बागवत कर पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं तो अंदर ही अंदर दूसरी पार्टी को समर्थन दे रहे हैं। स्थानीय नेताओं ने इसकी शिकायत पार्टी फोरम में की थी। पीसीसी को इसकी जानकारी दी गई थी। PCC के निर्देश के बाद जिला कांग्रेस कमेटी ने 47 बागी नेताओं को पार्टी से निष्काशित कर दिया है।

गया में जदयू नेता की गोली मारकर हत्या, इलाके में मचा हड़कंप, बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात

गया 06 फरवरी। जिले के बेलागंज में जदयू के प्रखंड उपाध्यक्ष महेश मिश्रा की बदमाशों ने बुधवार की रात गोली मारकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार महेश किसी समारोह में शामिल होने के बाद रात में अपने घर चुड़ीहारा बिगहा लौट रहे थे। इसी दौरान अज्ञात अपराधियों ने महेश के सीने में गोली मार दी। जहां उनकी मौके पर ही मौत हो गई। महेश के सीने में चार गोली मारी गई है। महेश अपने पंचायत में उप मुखिया भी हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

बेंगलुरु में सिलेंडर विस्फोट में ओडिशा के पांच प्रवासी श्रमिक गंभीर

ओडिशा 06 फरवरी। एक दुखद घटना में, ओडिशा के पांच प्रवासी कामगार बेंगलुरु में अपने घर में सिलेंडर विस्फोट में गंभीर रूप से झुलस गए। घटना का पता तब चला जब सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। पीड़ितों की पहचान संतोष बेहरा, पाबित्रा सेठी, रूना साहू, बिपिन सेठी और सहदेव सेठी के रूप में हुई। सभी युवक ओडिशा के गंजम जिले के चिकिटी तहसील के नुआगांव गांव के रहने वाले थे। रिपोर्ट के अनुसार, वे पांचों पिछले महीने स्पेयर पार्ट्स बेचने वाली एक निजी कंपनी में काम करने के लिए बेंगलुरु आए थे और एक साझा आवास में रह रहे थे। वे दिन भर काम करने के बाद घर लौटे थे और अभी खाना बनाना शुरू ही किया था कि गैस स्टोव फट गया। विस्फोट इतना जोरदार था कि घर की छत गिर गई और कुछ ही मिनटों में आग फैल गई। वीडियो विलप में सभी कामगार खुद को बचाने और अपनी जान बचाने की कोशिश करते हुए दिखाई दे रहे हैं क्योंकि आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया है।

भारत के नंबर 1 दुश्मन की उड़ी नींद, ट्रंप के फैसले से हाफिज सईद के आतंकी संगठन की टूटेगी कमर

नईदिल्ली, 06 फरवरी [एजेंसी]।

अमेरिकी सरकार के वैधानिक निकाय यूएस एजेंसी फार इंटरनेशनल डेवलपमेंट से प्राप्त धन का उपयोग भारत विरोधी संगठन के वित्त पोषण में भी किया गया, जिसे खुद अमेरिकी सरकार ने आतंकी संगठन घोषित किया है। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन फलाह-ए-इंसानियत फाउंडेशनको वित्त पोषण का मामला ऐसे समय सामने आया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कार्यकारी आदेश के जरिये यूएसएड को बंद करना शुरू कर दिया है। एफआईएफ और लश्कर मुंबई पर 26/11 के आतंकी हमले में शामिल थे जिसमें पाकिस्तानी आतंकियों ने छह अमेरिकी नागरिकों समेत 166 लोगों की हत्या कर दी थी। आश्चर्य की बात यह है कि आतंकी संगठनों से जुड़ी इस्लामिक धर्मार्थ संस्था को वित्त पोषण की जांच के दायरे में आने के बावजूद यूएसएड ने उसे धन जारी करना जारी रखा।अब यूएसएड पर ट्रंप के कार्यकारी आदेश की तलवार लटक रही है, लेकिन इस कारण भारत में भी कई परियोजनाएं प्रभावित हो सकती हैं। दुनियाभर में एनजीओ को फंड करने वाली यूएसएड के लाभार्थियों में से एक एफआईएफ है। आश्चर्यजनक यह भी है कि अमेरिकी करदाताओं के पैसे का उपयोग ऐसे संगठन को वित्त पोषित करने में किया गया, जिसे अमेरिकी सरकार ने 2010 में प्रतिबंधित कर दिया था।

दिल्ली एयरपोर्ट पर दो यात्रियों से 10 किलोग्राम सोने के सिक्के जब्त

नई दिल्ली। विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर एक त्वरित कार्रवाई में, नई दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर सीमा शुल्क की एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) ने कश्मीर से आए दो पुरुष यात्रियों को रोका और उनके पास से 7.8 करोड़ रुपये मूल्य के सोने के सिक्के जब्त किए। सीमा शुल्क विभाग ने बताया कि 45 और 43 वर्षीय यात्री मिलान से उड़ान संख्या एआई-138 के ज़रिए आ रहे थे। विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए, एआईयू ने सावधानीपूर्वक निगरानी और प्रोफाइलिंग की, जिसमें संदिग्ध व्यवहार का पता चला। जबकि उनके बैगेज स्कैन में कोई अनियमितता नहीं पाई गई, डीएफएमडी अलर्ट द्वारा शुरू की गई व्यक्तिगत तलाशी में प्लास्टिक के लिफाफों में लिपटे सोने के सिक्कों को छुपाने वाले दो विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए कमर बेल्ट पाए गए। जब्त किए गए सोने की कुल मात्रा 10.092 किलोग्राम है, जिसकी कीमत लगभग 7.8 करोड़ रुपये है। दोनों यात्रियों को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के तहत आगे की जांच के लिए हिरासत में लिया गया है।

चुनाव आयोग मर गया है सफेद कपड़ा भेंट करना होगा

उपचुनाव को लेकर फिसली अखिलेश यादव की जुबान

नईदिल्ली, 06 फरवरी [एजेंसी]।

उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर लगाए जा रहे आरोपों पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा इसी तरीके से चुनाव लड़ती है। चुनाव आयोग मर गया है। हमें उन्हें सफेद कपड़ा भेंट करना होगा। इससे पहले अखिलेश ने सतासूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और स्थानीय प्रशासन पर तीखा हमला किया था। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को कमजोर करने और अयोध्या में मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में धांधली करने का आरोप लगाया था। उन्होंने निर्वाचन आयोग से कार्रवाई की भी मांग की थी। अखिलेश ने दावा किया कि पुलिस-प्रशासन का रवैया अलोकतांत्रिक रहा। दर्जनों बूथों पर समाजवादी पार्टी के बूथ एजेंटों को डराया-धमकाया गया। भाजपा ने मिल्कीपुर में बेईमानी के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए। पुलिस-प्रशासन ने भाजपा के गुंडों को खुली छूट देकर चुनाव आचार संहिता का घोर उल्लंघन किया।उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस-प्रशासन ने मतदाताओं के बीच डर का माहौल बनाकर मतदान को प्रभावित किया गया। भाजपा के समर्थकों ने खुद स्वीकार किया है कि उन्होंने फर्जी मतदान किया है। फर्जी मतदान करते हुए कुछ लोगों को समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अजीत प्रसाद खुद पकड़ा है। उन्होंने कहा, मिल्कीपुर उपचुनाव में रायपट्टी अमानीगंज में फर्जी वोट डालने की बात अपने मुंह से कहने वाले ने साफ कर दिया कि भाजपा सरकार में अधिकारी किस तरह से धांधली में लिप्त हैं। निर्वाचन आयोग को और क्या सबूत चाहिए। मिल्कीपुर उपचुनाव समाजवादी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच प्रतिष्ठा की लड़ाई बना हुआ है। यह सीट राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण अयोध्या जिले का हिस्सा है। पिछले साल के लोकसभा चुनाव में फैजाबाद लोकसभा सीट जीतने के बाद सपा सांसद अवधेश प्रसाद की ओर से सीट खाली करने के बाद उपचुनाव की जरूरत पड़ी थी।

निर्वाचन आयोग के मुताबिक इस सीट पर शाम पांच बजे तक 65.25 फीसदी वोट डाले गए थे। 2022 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में मिल्कीपुर अयोध्या जिले की एकमात्र विधानसभा सीट थी, जहां भाजपा हारी थी।

अमेरिका से प्रवासी भारतीयों के निर्वासन पर लोकसभा-राज्यसभा में हंगामा, बिरला ने लगाई फटकार

नई दिल्ली 06 फरवरी। संसद के दोनों सदनों राज्यसभा और लोकसभा में गुरुवार को जमकर हंगामा हुआ। विपक्ष ने अमेरिका से प्रवासी भारतीयों को निर्वासित किए जाने और प्रयागराज महाकुंभ हादसे में लोगों की मौत सहित विभिन्न मुद्दों पर जमकर हंगामा किया। इस वजह से दोनों सदनों की कार्यवाही शुरू होने के कुछ ही देर बाद स्थगित कर दी गई। लोकसभा अध्यक्ष ने विपक्षी सांसदों से नारेबाजी बंद करने और सदन चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा, नियोजित तरीके से सदन में व्यवधान पैदा करना संसदीय परंपराओं के अनुरूप नहीं है।

बहराइच में तेंदुए का आतंक, तीन लोगों पर किया हमला, डर के साए में लोग

बहराइच। कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के निशानगाड़ा रेंज में गुरुवार को गन्ने के खेत से निकलकर आबादी में एक तेंदुआ घुस आया। इस दौरान तेंदुए ने तीन ग्रामीणों पर हमला कर दिया। तेंदुए के हमले से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जुटी रही। घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। जानकारी के बाद वन विभाग की टीम मौके पर मौजूद है। आपको बता दें कि निशानगाड़ा रेंज के भट्ठा बरगदहा ग्राम पंचायत करीकोट में गांव निवासी श्रीकिशन के खेत में कुछ ग्रामीणों ने तेंदुए को चहलकदमी करते हुए देखा।

स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म, गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद)
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर, रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक, बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

संदिग्धों पर जगदलपुर में बड़ी कार्रवाई, 7 अरेस्ट

बस्तर। जिले की पुलिस ने उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और ओडिशा राज्य के 7 संदिग्ध को गिरफ्तार की है। ये सभी जगदलपुर में पुलिस को बिना सूचना दिए रह रहे थे। पुलिस को शक था कि चुनावी समय में कोई घटना कर सकते हैं। इसलिए पुलिस को इनपर शक हुआ और कार्रवाई की है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक, नगरीय निकाय, पंचायती चुनाव और आचार संहिता के पालन में शहर में संदिग्ध गतिविधियों पर रोक एवं शांति व्यवस्था के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। थाना प्रभारी कोतवाली एवं थाना प्रभारी बोधघाट के नेतृत्व में शहर में 35-35 जवानों की दो अलग-अलग टीम तैयार की गई है। जिसमें DRG और जिला बल के जवान हैं। वहीं तड़के 4 बजे कालीपुर अटल आवास, सन सिटी अटल आवास और अवंतिका कॉलोनी अटल आवास टीम रवाना की गई थी। इस दौरान वहां मौजूद व्यक्तियों से पूछताछ और आवश्यक दस्तावेज की जांच की गई। जिसमें कुछ संदिग्ध व्यक्तियों ने भागने का प्रयास किया। जिसे टीम ने घेराबंदी कर पकड़ा।

पीएससी सदस्य ने किया स्ट्रांग रूम और परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

19 केन्द्रों में छः हजार से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल,जीपीएस लगे उड़नदस्ता से होगी परीक्षा की निगरानी

कोरबा । छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग रायपुर द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 रविवार 09 फरवरी को पूर्वान्ह 10 बजे से दोपहर 12 तक तथा अपरान्ह 03 से शाम 05 तक दो पालियों में होगी। इस परीक्षा में जिले में 6423 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

जिनके लिए 19 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। जिले में परीक्षा का सुचारू संचालन एवं आवष्यक व्यवस्था को परखने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के सदस्य श्री संत कुमार नेताम ने आज स्ट्रांग रूम सहित मिनीमाता गर्ल्स कालेज परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने नोडल अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों से पीएससी परीक्षा की तैयारी के संबंध में जानकारी ली और आवष्यक दिषा निर्देष दिए। इस दौरान उपस्थित अपर कलेक्टर श्री मनोज कुमार ने बताया कि परीक्षा हेतु श्री कौषल प्रसाद तेन्दुलकर संयुक्त कलेक्टर को नोडल अधिकारी, श्री शषीकांत कुर्रे डिप्टी कलेक्टर, श्री एच.आर.मिरेन्द्र को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। परीक्षार्थियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय ई.व्ही.पी.जी. महाविद्यालय रजगामार रोड कोरबा को मार्गदर्षन केंद्र बनाया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07759-221458 है। पीएससी परीक्षा की आवष्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। परीक्षा केन्द्रों में गोपनीय सामग्री पहुंचाने अधिकारियों और पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है। उड़नदस्ता टीम द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया जायेगा। उड़नदस्ता में प्रयुक्त वाहनों में जीपीएस भी लगाया गया है ताकि लोकेषन ट्रेस की जा सके।

धूमधाम से मिशन रोड में निकाली गई भव्य साईं पालकी यात्रा

कोरबा । कोरबा अंचल के रामसागर पारा मिशन रोड में श्री साईं सेवा महिला समिति द्वारा साईं बाबा की पालकी यात्रा निकाली गई। इसमें समिति की कुसुम गुप्ता, विमल जगत, लक्ष्मी चौहान, जग बाई, श्याम बाई, संध्या, बबीता, श्रेया जगत, आरती गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। समिति द्वारा 6 फरवरी को मिशन रोड में दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक भोग भंडारा कार्यक्रम आयोजित है। समिति की ओर से श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने का आग्रह किया गया है।

लीड कॉलेज की कमान सौंपी गईं शिखा शर्मा को

कोरबा । उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के अवर सचिव राकेश कुमार ध्रुव ने प्रदेश के 7 कॉलेजों के प्राचार्यों की पदोन्नति आदेश जारी किए हैं।

पीजी कॉलेज में चलाया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्व की जानकारी देकर, शत प्रतिशत मतदान करने हेतु दिलाया गया संकल्प

कोरबा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतो के आम निर्वाचन के दौरान मतदान के प्रति आमजनों में जनजागरूकता लाने हेतु विविध गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय ई.वी.पी.जी. महाविद्यालय में आगामी नगरीय निकाय चुनाव में छात्र-छात्राओ की शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु उन्हें शसक्त लोकतंत्र के निर्माण में मतदान के महत्व की जानकारी दी गई एवं अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु संकल्प दिलाया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार के भय, लोभ, प्रलोभन में न आकर, जाति, वर्ग, धर्म, समुदाय से परे होकर मतदान करने का संकल्प लिया।

नारकोटिक्स कॉर्डिनेशन व कानून व्यवस्था के सम्बंध में बैठक 07 फरवरी को आयोजित

कोरबा। जिले में नारकोटिक्स कॉर्डिनेशन एवं कानून व्यवस्था के संबंध में 07 फरवरी 2025 को बैठक आयोजित की गई है। कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में नारकोटिक्स कॉर्डिनेशन की बैठक शाम 04 बजे एवं कानून व्यवस्था के सम्बंध में बैठक शाम 4:30 बजे आयोजित है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अजीत वसंत ने उपरोक्त बैठक में सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए है।

ईडीवी मतदाताओं के निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण कराने राजनीतिक दलों की उपस्थिति में मतपेटी सीलिंग की हुई कार्यवाही

कोरबा । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सभी नगरीय निकाय क्षेत्रांतर्गत निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र जारी मतदाताओं के निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण कराने हेतु मतपेटी सीलिंग के सम्बंध में बैठक आयोजित हुई। बैठक में एसडीएम कोरबा श्री सरोज महिलांगे, डिप्टी कलेक्टर सुश्री रश्मि वर्मा, प्राचार्य लाइवलीहुड श्री अरुणेंद्र मिश्रा सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थिति थे।

बैठक में राजनीतिक दलों को जानकारी देते हुए बताया गया कि जिले के सभी नगरीय निकायों में 06 फरवरी 2025 को निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र के चिन्हांकित मतदाताओं को प्रषिक्षण स्थल में सुविधा केन्द्र निर्मित कर मतदान कराया जाएगा। इस हेतु कोरबा, कटघोरा एवं पाली में सुविधा केंद्र बनाया गया है साथ ही अलग-अलग दल का गठन कर उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। जिले में कुल 1161 मतदाताओं को निर्वाचन कर्तव्य मतपत्र हेतु चिन्हांकित किया गया है। मतदान का समय सबेरे 10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित है। बैठक में बताया गया कि नगरीय निकायों के ईडीवी मतदाताओ के मतदान के लिए जिले में कुल 3 सुविधा केंद्र बनाए गए है। जिसके अंतर्गत कोरबा नगरीय निकाय क्षेत्र के ईडीवी मतदाताओं हेतु शासकीय विद्युत गृह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 01, कटघोरा, छुरीकला, दीपका, बांकी मोंगरा नगरीय निकाय के इडीव्ही मतदाताओं हेतु शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक कटघोरा एवं नगर पंचायत पाली के ईडीवी मतदाताओं हेतु शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाली को सुविधा केन्द्र बनाया गया है। साथ ही 07, 08 एवं 09 फरवरी 2025 को कलेक्ट्रेट के पुराने सभाकक्ष में सुविधा केंद्र निर्मित कर छूटे हुए ईडीवी मतदाताओ को मतदान कराया जाएगा। इस दौरान राजनीतिक दलों की उपस्थिति में ईडीवी मतपेटी की सीलिंग की कार्यवाही भी पूर्ण की गई।

सीईओ ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

मतदान कर्मियों को सजग रहते हुए निष्पक्ष चुनाव पूर्ण कराने के दिए निर्देश,जनपद पंचायत पाली, करतला एवं पोड़ी उपरोड़ा में मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

कोरबा । जिले में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जनपद पंचायत पाली के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पोड़ी उपरोड़ा के शासकीय आत्मानंद विद्यालय एवं करतला में मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बुधवार को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री दिनेश कुमार नाग ने प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण किया और मतदान कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान सीईओ ने मतदान कर्मियों से कहा कि वे पंचायत चुनाव की बैलेट प्रक्रिया और प्रशिक्षण की जानकारी गंभीरता से लें। उन्होंने मतपेटी को सील करने, पीठासीन अधिकारी की डायरी भरने, लिफाफों और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों को सही ढंग से पूरा करने की प्रक्रिया को ध्यानपूर्वक सीखने पर जोर दिया, जिससे चुनाव निष्पक्ष और सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। श्री नाग ने मतदान दल के कर्मियों को निर्देशित किया कि वे मतदान और मतगणना के समय सतर्क और सचेत रहते हुए बिना किसी दबाव के अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें। उन्होंने मतदान कर्मियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन भी किया और उन्हें निष्पक्ष एवं निर्बाध चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, जनपद पंचायत पाली के सीईओ श्री भूपेंद्र सोनवानी, जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा के सीईओ श्री जय प्रकाश डडसेना सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी किया घोषणा पत्र

कोरबा । छत्तीसगढ़ निकाय चुनाव में कांग्रेस ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है जिसमें कांग्रेस ने शहरी जनता से कई बड़े वादे किये हैं जिसमें महिलाओं से लेकर बुजुर्गों तक पर फोकस किया गया हैं। कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में स्कूली और कॉलेज छात्राओं को फ्री सेनेटरी पेड देने का वादा किया है जबकि शहर को सुधारने, स्कूल कालेजों में बेहतर सुविधाएं देने के साथ-साथ कई वादे किये है। चिरमिरी में प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी जरिता लैतफलांग, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने प्रेसवार्ता कर घोषणा पत्र जारी करते हुए बताया कि निगम क्षेत्र में तालाबों को संरक्षण व सौंदर्यीकरण, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम महिला प्रसाधन की व्यवस्था, सर्वसुविधायुक्त ऑटो रिक्शा। ई-रिक्शा के लिए पार्किंग व चार्जिंग की व्यवस्था, श्रद्धांजलि योजना की राशि पाँच हजार देने का वादा किया है। निगम क्षेत्र अंतर्गत आमजनों को दशगात्र, बेटी विवाह जैसे कार्यक्रमों में पानी टैंकर एवं सामुदायिक भवन निःशुल्क देने का वादा किया है।वृद्धजनों, दिव्यांग एवं निराश्रितों को पेंशन सुविधा सभी वार्डों में सर्वसुविधायुक्त आंगनबाड़ी केन्द्र, सब्जी बाजार बनाने का वादा किया है। पत्रकारों के लिए हाईटेक रेस्टरूम बनाने का भी वादा किया है। इसी प्रकार 34 सुविधाओं के लिए कांग्रेस ने वादा करते हुए घोषणा पत्र जारी किया है। इस अवसर पर पूर्व विधायक विनय जायसवाल भी उपस्थित थे।

आयुक्त ने स्कूल व कॉलेजो की साफ-सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने पर दिया बल

कोरबा । आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने निगम क्षेत्र में स्थित विद्यालयों, महाविद्यालयों के प्रबंधन से कहा है कि वे अपने स्कूल, कालेज को साफ-सफाई व्यवस्था को चुस्त-दुरूस्त करने के साथ ही वहाँ पर स्थित महिला-पुरूष शौचालयों में निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं, छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक रखें, उनमें स्वच्छता संस्कारों का सृजन करें, स्वच्छता समितियाँ बनाएं एवं इन समितियों को विद्यालय की स्वच्छता की जिम्मेदारी दें। उन्होने कहा कि स्कूल प्रबंधन निगम के संबंधित जोन कमिश्नरों से संपर्क कर विद्यालयों का आवश्यकतानुसार मरम्मत व सुधार एवं वहाँ की आवश्यक व्यवस्थाओं पर उनका सहयोग लें। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के मद्देनजर आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में निगम क्षेत्र में स्थित विभिन्न विद्यालयों व महाविद्यालयों के प्रबंधन की एक महत्वपूर्ण बैठक ली। आयुक्त श्री पाण्डेय ने इस मौके पर कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 का आगाज शीघ्र ही होने जा रहा है, स्वच्छ सर्वेक्षण की रैंकिंग में हमारा कोरबा सम्मानजनक स्थान प्राप्त करें, इसके लिए हम सबको अपनी-अपनी सहभागिता मजबूती के साथ देनी होगी। उन्होने कहा कि शहर की स्वच्छता में हमारे छात्र-छात्राओं एवं विद्यालयों की भूमिका भी महत्वपूर्ण है, स्कूलों की स्वच्छता भी स्वच्छ सर्वेक्षण का एक भाग है तथा इसमें प्राप्त अंक भी सर्वेक्षण की रैंकिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, अत: स्कूल कालेज की स्वच्छता व वहाँ पर स्थित महिला, पुरूष शौचालयों में निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना आवश्यक है। बैठक के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी सहित विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के प्रतिनिधिगण तथा निगम के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।लापरवाही पर फटकार, तो अच्छे कार्य की प्रशंसा की

निरीक्षण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने सफाई कार्यो में लापरवाही पर एक ओर जहाँ संबंधितों को फटकार लगाई, तो वहीं दूसरी ओर बेहतर साफ-सफाई कार्य करने वाले सफाई मित्र व स्वच्छता दीदियों के कार्यो की प्रशंसा की, उनका उत्साहवर्धन किया। घंटाघर निहारिका मुख्य मार्ग पर विद्युत खंभों के आसपास प्लास्टिक पाउच, पन्नी व अन्य अपशिष्ट बिखरें पड़े थे, जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्होने स्वच्छता सुपरवाईजर को फटकार लगाई तथा उसका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। वहीं आरामशीन मोहल्ले सहित अन्य विभिन्न स्थानों पर बेहतर स्वच्छता को देख वहाँ पर काम करने वाली स्वच्छता दीदियों व सफाई मित्रों के कार्यो की प्रशंसा की, उनका उत्साहवर्धन किया।स्वच्छता संदेश के बोर्ड पोस्टर लगाएं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़कों के किनारे, चौक-चौराहों, सार्वजनिक स्थलों तथा ज्यादा आवाजाही वाले स्थलों में स्वच्छता का संदेश देने वाले बोर्ड व पोस्टर लगवाएं, साथ ही बोर्ड पर टोल फ्री नम्बर 1100 (निदान) भी अंकित कराएं तथा लोगों को संदेश दें कि वे निगम के विभिन्न कार्यो से संबंधित शिकायतें टोल फ्री नम्बर 1100 में कॉल कर दर्ज करवाएं। उन्होने निर्देश दिए कि निगम द्वारा शहर के विभिन्न स्थलों पर पूर्व में लगाए गए लिटरबिन्स जो जर्जर हो चुके हैं, उनके स्थान पर नए लिटरबिन्स स्थापित कराएं।ठेले, गुमठी, दुकानों में अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें

भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने मुख्य मार्गो, बस्तियों, मोहल्लों का पैदल भ्रमण करते हुए वहाँ पर स्थित ठेले, गुमठी, दुकानों में डस्टबिन की उपलब्धता का जायजा लिया उन्होने ठेला, गुमठी संचालकों को निर्देश दिए कि वे अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें तथा उत्सर्जित अपशिष्ट को डस्टबिन में ही डाले, सड़कों पर गदंगी न फैलाएं। सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण

आयुक्त श्री पाण्डेय ने सुभाष चौक स्थित सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया तथा वहाँ की व्यवस्थाओं को देखा, शौचालय को साफ-सुथरा रखने तथा वहाँ पर निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सतत रूप से बनी रहें, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश संचालन एजेंसी को दिए।सी.एण्ड डी.वेस्ट की सतत मानीटरिंग आयुक्त श्री पाण्डेय ने निर्देशित करते हुए कहा कि सड़कों पर डम्प किए गए सी.एण्ड डी.वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री की सतत मानीटरिंग करें। उन्होने निर्देश दिए कि सभी जोन कमिश्नर, जोन के अभियंता, स्वच्छता निरीक्षक एवं अन्य मैदानी अमला अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में भ्रमण कर यह देखें कि सड़कों व सार्वजनिक स्थलों पर सी.एण्ड डी.वेस्ट व भवन निर्माण सामग्री डम्प तो नहीं की गई, जहाँ कहीं डम्प की स्थिति दिखे, तत्काल इसकी सूचना भवन निर्माण अनुज्ञा शाखा, अतिक्रमण दस्ता को दें तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। 06 फरवरी को इन वार्डो में अभियान गुरूवार 06 फरवरी को नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 14 पम्प हाउस एवं वार्ड क्र. 54 सर्वमंगलानगर में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित की जाएगी तथा व्यापक पैमाने पर साफ-सफाई के कार्य किए जाएंगे। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने वार्डवासियों से अपील करते हुए कहा है कि वे निगम के इस महाअभियान में अपनी सहभागिता दें तथा शहर को साफ-सुथरा रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

सीएम ने कहा डबल इंजन की सरकार बनाई अब ट्रिपल दंजन की बारी

कोरबा। डॉ भीमराव अंबेडकर ओपन थिएटर मैदान घंटाघर कोरबा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भाजपा महापौर और पार्षद के प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित विशाल आम सभा को संबोधित किया।

प्रदेश के मुख्यमंत्री ने आमसभा को संबोधित करते हुए कहा की यह मेरा सौभाग्य है कि नगर निगम चुनाव के प्रचार की शुरुआत आज कोरबा से करने का अवसर प्राप्त हुआ है। सीएम श्री साय ने कहा की आप सभी ने डबल इंजन की सरकार बनाई है, अब ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने की बारी आ गई है। सीएम श्री साय ने कहा की विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए मोदी की गारंटी की हमारी सरकार ने 13 महीने के भीतर लगभग सभी को पूरा कर दिया है। उन्होंने बताया की महतारी वंदन योजना की 12वीं किस्त एक दिन पहले ही जारी की गई है। आज महिलाएं आर्थिक रूप से स्वालंबन हो रही है। सीएम श्री साय ने कहा की कांग्रेस के शासनकाल में जितनी भी गड़बड़ियां हुई थी उन सभी पर कार्रवाई की जा रही है। कोयला घोटाला और डीएमएफ घोटाला कोरबा में ही हुआ था, आज इसके आरोपी जेल में बंद है। उन्होंने शराब घोटाले के जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस के एक आदिवासी अनपढ़ मंत्री को मोहरा बना दिया गया, लेकिन उसका फायदा लेने वाले को भी नहीं बक्शा जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा की कोरबा नगर निगम में महापौर की भाजपा प्रत्याशी श्रीमती संजू देवी राजपूत को प्रचंड मतों से जीतकर अपील की। उन्होंने कहा कि नगर निगम में भाजपा की सरकार बनाएं, विकास की गारंटी विष्णु देव सरकार की है।

अटल विश्वास पत्र का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कई पीढियां से नजूल की जमीन में रह रहे लोगों को अब भू स्वामित्व का अधिकार मिलेगा। बिजली बिल और प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने वाले लोग अब पीएम आवास की पात्रता श्रेणी में शामिल होंगे।इस अवसर पर कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, निकाय चुनाव प्रभारी रजनीश सिंह, बिलासपुर के पूर्व सांसद लखन लाल साहू, हर्षिता पांडे, प्रदेश मंत्री विकास महतो, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष श्री देवेंद्र पांडे, वार्ड क्रमांक 18 के निर्विरोध निर्वाचित पार्षद नरेंद्र देवांगन, भाजपा के जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, पूर्व महापौर जोगेश लांबा, नवीन पटेल, अन्य पांचो निकाय के भाजपा के अध्यक्ष प्रत्याशी, सभी मंडल अध्यक्ष, युवा मोर्चा महिला मोर्चा के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए नगर विधायक, वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने छत्तीसगढ़ के विकास पुरुष यशस्वी मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि कोरबा शहर की विशेष चिंता करने वाले प्रदेश की मुखिया को जब भी किसी भी विकास कार्य के लिए आवेदन किया गया, उन्होंने हर बार मांग से बढ़कर दिया, कोरबा शहर को 1 साल के भीतर 400 करोड़ से अधिक की राशि उपलब्ध कराई गई। मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि कमल फूल में लक्ष्मी का वास होता है, कोरबा नगर निगम और कोरबा शहर से बदहाली को दूर करना है तो कमल फूल की सरकार निगम में जरूरी है। कांग्रेस के भ्रष्ट महापौर को हटाकर रहना है। आम सभा को संबोधित करते हुए भाजपा महापौर प्रत्याशी श्रीमती संजू देवी राजपूत ने आम मतदाताओं से अपील करते हुए कहा की इस कोरबा के विकास के लिए मुझे आशीर्वाद दीजिए, मैं आपके(शहर) के सेवा के लिए पूरे 5 साल दूँगी। श्रीमती राजपूत ने अपने छत्तीसगढ़िया अंदाज में कहा ये चुनाव आप सब मन के द्वारी के चुनाव है, घर के गली नाली पानी बिजली ल ठीक करे बर निगम में भाजपा की सरकार बनाए। श्रीमती राजपूत ने नारा दिया नारा दिया बदलबों-बदलबों ये दारी कांग्रेस के भ्रस्ट महापौर ल बदलबो।

सेवानिवृत्त- एसआई माधव तिवारी को दी गई

कोरबा । पुलिस विभाग में 42 वर्षों तक सेवा देकर 31 जनवरी को एसआई माधव तिवारी सेवानिवृत हुए। पुलिस विभाग में वे आरक्षक के पद पर पदस्थ हुए थे। उन्होंने मेहनत, अनुशासन और कार्य कुशलता से जरिए लगातार पदोन्नत होते हुए एसआई बनने तक का सफर तय किया। सेवानिवृत्त होने पर पुलिस परिवार की ओर से सिटी कोतवाली परिसर में विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एएसपी यूबीएस चौहान, सीएसपी भूषण एक्का, कोतवाली प्रभारी एमबी पटेल समेत अन्य पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

अमरैया पारा वार्ड में भाजपा प्रत्याशी प्रभा का चुनाव प्रचार हुआ तेज

कोरबा । छत्तीसगढ़ - नगर निगम चुनाव में वार्ड न 14 अमरैया पारा में भाजपा पार्षद प्रत्याशी प्रभा टीकम राठौर को जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है, प्रभा टीकम राठौर अमरैया पारा वार्ड के गठन के समय से ही वार्ड में निवासरत है एवं अमरैया पारा, रेल्वे कालोनी और चिमनी भट्टा बस्ती की समस्याओं को जानते है, इसलिए उन्हें जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है, और लोग वार्ड के अगले पार्षद के रूप में प्रभा टीकम राठौर को वार्ड का पार्षद बनाने का मन बना चुके हैं, वार्ड की महिलाएं, युवा और बुगुर्गों ने प्रभा टीकम राठौर के समर्थन में खुद घरों से निकाल कर बाहर आ रही है,और उनका कहना है कि हम सबभाजपा प्रत्याशी प्रभा टीकम राठौर का समर्थन कर रहे हैं,जिसका नजारा प्रभा टीकम राठौर के प्रचार में साफ नजर आ रहा है, वार्ड की जनता प्रभा टीकम राठौर के साथ अपने आप ही प्रचार के लिए जुड़ रही है, और अपने परिचितों से प्रभा टीकम राठौर के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रही है,प्रभा टीकम राठौर कालोनी,गली मोहल्ले में जनता के मध्य जाकर उनकी समस्या को सुनने और निराकरण का वादा भी कर रहे है, चिमनी भट्टा, अमरैया पारा, रेल्वे झोंपड़ी पारा, रेल्वे कालोनी में आम सभा का आयोजन किया गया था जिसमे जनता ने प्रभा टीकम राठौर को प्रचंड मातो से विजयि बनाने की बात कही है,प्रभा टीकम राठौर ने बताया की जनता का सहयोग मिल रहा है पिछले 10 साल से कांग्रेस के महापौर ने वार्ड का विकास पूरी तरह से रोक के रखा था, ये पहल मौका है जब केंद्र, राज्य और कोरबा में मंत्री भाजपा के है ऐसे में नगर निगम में भाजपा के महापौर और वार्ड में पार्षद भाजपा के होंगे तो विकास का पहिया घूमेगा सभी वार्डों का विकास आज से 20 साल आगे की सोच के साथ होगा।आपको बताते चलें कि प्रभा राठौर पूर्व के दो बार के भाजपा पार्षद प्रत्याशी टीकम राठौर की धर्मपत्नी है,लोगों की राय के अनुसार नगर निगम के अमरैया पारा वार्ड- में भाजपा के 2 बार के पार्षद रहे टीकम राठौर ने विकास कार्य में कोई कसर नहीं छोड़ी है। राठौर ने पार्षद बनने के बाद अपने अधिकतर वादों को पूरा किया था।

एस.एल.आर.एम. सेंटर की अव्यवस्था पर नाराज हुए आयुक्त, दिया अल्टीमेटम, तत्काल सुधारे

कोरबा । स्वच्छता महाअभियान के अंतर्गत किए जा रहे साफ-सफाई कार्यो के निरीक्षण पर निकले आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आरामशीन स्थित एस.एल.आर.एम.सेंटर की अव्यवस्था पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होने सेंटर सुपरवाईजर व संबंधित कर्मचारियों को अल्टीमेटम देते हुए व्यवस्थाओं को तत्काल सुधारने व निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं आरामशीन मोहल्ले की बेहतर स्वच्छता पर वहाँ सफाई कार्य कर रही स्वच्छता दीदी के कार्यो की प्रशंसा करते हुए उसका उत्साहवर्धन किया।निगम प्रशासक व कलेक्टर श्री अजीत वसंत के कुशल मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम केरबा द्वारा 25 जनवरी से चलाए जा रहे स्वच्छता महाअभियान की कड़ी में बुधवार 05 फरवरी को वार्ड क्र. 20 कांशीनगर एवं वार्ड क्र. 06 पुरानी बस्ती कोरबा में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित की गई। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के अधिकारियों की टीम के साथ उक्त दोनों वार्डों में व्यापक पैमाने पर किए जा रहे साफ-सफाई कार्यो का सघन रूप से निरीक्षण किया तथा बेहतर स्वच्छता कार्ये हेतु आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय वार्ड क्र. 20 कांशीनगर के आरामशीन मोहल्ले में स्थित निगम के एस.एल.आर.एम.सेंटर पहुंचे, उन्होंने सेंटर का निरीक्षण किया तथा वहाँ की अव्यवस्थाओं पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने सेंटर में संधारित पंजी का अवलोकन किया तथा सूखे अपशिष्ट के विक्रय, प्राप्त राशि तथा खाते में राशि पहुंची या नहीं, इसकी जानकारी ली, कम्पोस्टिंग पिट का निरीक्षण किया तथा गीले कचरे से खाद बनाने की प्रक्रिया निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता ए.के.शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, कार्यपालन अभियंता प्रकाश चन्द्रा, भूषण उरांव, विनोद शांडिल्य, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, विपिन मिश्रा, उप जोन प्रभारी अजय कुमार अग्रवाल, अंजूला अनंत, सुनील वर्मा, सचिन्द्रं थवाईत आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

बागियों पर गिरी गाज

बागी बने 19 लोगों को भाजपा ने निकाला पार्टी से

जांजगीर। नगरीय निकाय चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले 19 बागियों को भाजपा ने संगठन से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। नगरीय निकाय चुनाव में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ने और अनुशासन भंग करने के मामले में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कड़ी कार्रवाई करते हुए ऐसे सभी प्रत्याशियों को पार्टी से 6 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया है, साथ ही भीतरघात करने वालों पर भी नजर रखी जा रही है।

जांजगीर-चाम्पा भाजपा जिला अध्यक्ष अम्बेश जांगड़े ने बताया कि पार्षद का बागी चुनाव लड़ने वालों में नगर पालिका जांजगीर-नैला और बलौदा एक-एक, नगर पालिका अकलतरा में 7, नगर पंचायत नवागढ़ में 8 और नगर पंचायत शिवरीनारयण में 2 लोगों का निष्कासन किया गया है। जिलाध्यक्ष

जांगड़े ने कहा कि निष्कासित हुए लोगों को आने वाले 6 साल तक भाजपा संगठन में किसी भी पद पर नहीं लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में अनुशासन का विशेष महत्व है। अनुशासन भंग करने पर कठोर कार्रवाई का प्रावधान है। पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ना घोर अनुशासनहीनता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव द्वारा ऐसे लोगों को 6 साल के लिए निष्कासन किया जाना स्वागत योग्य कदम है।

चुनाव लड़ने पर इन लोगों को पार्टी से किया बाहर भाजपा जिला कार्यालय के प्रभारी योगेश चौरसिया, नगर पंचायत बलौदा के राजकुमार कंवर, नगर पंचायत शिवरीनारायण के विनय केंवट, प्रीतम सोनी, नगर पालिका अकलतरा के सरस्वती सिंह, रमाशंकर साहू, रोहित सारथी, प्रेमनारायण पाण्डेय, आशा यादव, धनीराम यादव, दिलीप रोहिदास, नगर पंचायत नवागढ़ की प्रीति कौशल कश्यप, योगेश कश्यप, राजेश खुंटे, गणेश धीवर, कीर्ति केशरवानी, खगेश्वर कश्यप, बद्री केशरवानी और बसंत कश्यप को 6 सालों के लिए निष्कासित किया गया है।

अध्यक्ष के 4 और 15 वार्डों में 46 प्रत्याशी मैदान में

देवरी सारागांव। नगर पंचायत चुनाव को लेकर सारागांव में चुनावी माहौल गरमा गया है। अध्यक्ष पद अनुसूचित जाति मुक्त वर्ग के लिए आरक्षित है। इसके लिए चार प्रत्याशी चुनावी समर में डटे हुए हैं। वहीं, नगर के 15 वार्डों में कुल 46 पार्षद पद के उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। नगर में कुल 6124 मतदाता हैं। इनमें 3047 पुरुष व 3077 महिला मतदाता शामिल हैं। नगर के वार्डों में रोचक मुकाबला देखने को मिल रहा है। वार्ड क्रमांक 1, 12, 14 और 15 में कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधी टक्कर है। वहीं, वार्ड क्रमांक 2, 3, 5, 6, 7, 8, 9, 11 और 13 में त्रिकोणीय संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। वार्ड क्रमांक 4 और 10 में मुकाबला चार लोगों के बीच है। नगर पंचायत चुनाव के कई वार्डों में भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर हो सकती है।

घर पहुंचा था जिला बदर बदमाश, पुलिस ने दबोचा

हसौद। जिला बदर राजेन्द्र कश्यप को पुलिस ने ग्राम मल्दा से गिरफ्तार कर लिया है। हसौद पुलिस के अनुसार जिला दण्डाधिकारी जिला सक्ती के आदेश पर 3 मई को बदमाश राजेन्द्र कश्यप पिता रामनाथ कश्यप(23) ग्राम मल्दा थाना हसौद को एक वर्ष की अवधि के लिए जिला व सरहदी जिला सीमा से जिला बदर किया गया ?था। उसने आदेश की अवहेलना कर अपने निवास स्थान ग्राम मल्दा में 5 फरवरी को आया हुआ था। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर राजेन्द्र को पकड़ लिया गया। उसके खिलाफ धारा 14, 15 छग राज्य सुरक्षा अधि 1990 व 223 भान्यासं 2023 कायम कर 5 फरवरी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

शराब की मांग पर गुस्साए युवक ने अपने दोस्त की कर दी हत्या, पुलिस ने किया गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा। जिले में एक युवक ने अपने दोस्त की हत्या कर दी। शराब के नशे में आरोपी नंदू कश्यप (35) ने जलेश्वर कश्यप को गला दबाकर मार डाला और शव को ब्रिज के नीचे फेक दिया था।

घटना 14 जुलाई 2024 की है, अकलतरा पुलिस ने बोहापारा निवासी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक हत्या में आरोपी का साथी भी शामिल था जिसकी तलाश की जा रही है।

ये है पूरी घटना

पुलिस के मुताबिक, जब आरोपी नंदू कश्यप की मुलाकात मृतक जलेश्वर कश्यप से अकलतरा की शराब भट्टी के पास हुई। दोनों ने एक अन्य साथी के साथ शराब पी। रात में तीनों मोटरसाइकिल से बोहापारा जा रहे थे। रास्ते में NH-49 के पास रुककर फिर से शराब पीने लगे। इसी दौरान जलेश्वर ने गाली-गलौज शुरू कर दी और और शराब की मांग करने लगा। इससे गुस्साए नंदू और उसके साथी ने जलेश्वर का गला दबाकर हत्या कर दी और शव को ओवरब्रिज के नीचे फेंक दिया।

9 दिन बाद मिला था शव

घटना के 9 दिन बाद 23 जुलाई 2024 को NH-49 ओवरब्रिज के पिलर नंबर 1 के पास एक सड़ा हुआ शव मिला। पुलिस और FSL की टीम ने जांच की और DNA टेस्ट से मृतक की पहचान जलेश्वर कश्यप के रूप में की गई।

हत्या में शामिल दूसरे साथी की तलाश जारी

पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया, जिसके बाद उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। हत्या में शामिल दूसरे आरोपी की तलाश जारी है, जिसे जल्द ही गिरफ्तार किए जाने की बात कही जा रही है।

युवक पर ब्लेड से हमला 3 लोगों पर अपराध दर्ज

जांजगीर। पुरानी बस्ती स्थित भीमा तालाब किनारे टहल रहे युवक पर तीन नकाबपोशों ने हमला कर दिया। मारपीट के दौरान ब्लेड से जानलेवा हमला कर बदमाश मौके से फरार हो गए। वारदात के बाद पुलिस आरोपियों की पतासाजी में जुट गई है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। पुरानी बस्ती वार्ड 11 जांजगीर निवासी अतुल कंवर 4 फरवरी की रात लगभग 8 बजे शनि मंदिर के पीछे भीमा तालाब किनारे खड़ा था। उसी बीच तीन अज्ञात युवक अपने चेहरे पर रूमाल बांध कर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट की। इसी बीच उसमें से एक युवक ने अपनी जेब से ब्लेड निकाला और अतुल कर जानलेवा हमला कर दिया। ब्लेड के प्रहार से उसके शरीर के ?कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। कुछ देर के बाद युवक वहां से भाग गए। इधर तालाब के पास टहल रहे लोग अतुल के पास पहुंचे और गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद अतुल थाना पहुंचा और इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। बहरहाल पुलिस ने मामले में अज्ञात युवकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना में लिया और आरोपियों की तलाश में जुटी है।

ईवीएम से मतदान करने की प्रक्रिया बताई

बाराद्वार। नगर पंचायत बाराद्वार के सभी वार्डों में ईवीएम मशीनों का प्रदर्शन कर मतदाताओं को मत डालने की प्रक्रिया समझाई जा रही है। रिटर्निंग ऑफिसर गरिमा मनहर ने बताया कि बाराद्वार नगर पंचायत क्षेत्र के सभी 15 वार्डों में नगर पंचायत कर्मी और मतदान दल के कर्मचारियों द्वारा घरों और प्रत्येक चौक-चौराहो में लोगों को डेमो ईवीएम का प्रदर्शन करते हुए मतदाताओं को अपना मत डालने की प्रक्रिया को समझाया जा रहा है।

अध्यक्ष और पार्षद पद के प्रत्याशियों दोनों को एक ही ईवीएम में दो बार बटन दबाकर वोट देना है, जिसे मतदाता भी ईवीएम के जरिए

अपने दोनों वोट कैसे डालना है। उसे कर्मचारियों से ध्यानपूर्वक सीख रहे है। बता दें कि इस बार नगर पंचायत चुनाव में अध्यक्ष और पार्षद के लिए ईवीएम मशीन का उपयोग किया जा रहा है, जिसे लेकर नए मतदाताओं में उत्सुकता देखी जा रही है।

सहायक रिटर्निंग ऑफिसर पुनीत कुमार वर्मा ने बताया कि इस बार बाराद्वार नगरीय निकाय के मतदाताओं को दो बार ईवीएम में बटन दबाकर अध्यक्ष और पार्षद के अपने उम्मीदवार के लिए मत डालना है, जिसमें पहली बार बटन दबाने पर अध्यक्ष के लिए वोट होगा और दूसरी बार बटन दबाने पर पार्षद के लिए वोट होगा। अध्यक्ष को वोट करने के लिए सफेद बटन और पार्षद को वोट करने के लिए गुलाबी बटन को दबाना होगा।

संवेदनशील मतदान केन्द्रों की सुरक्षा की समीक्षा की

जांजगीर-चांपा। त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय निर्वाचन के महेनजर कलेक्टर आकाश छिकारा और एसपी विवेक शुक्ला की अध्यक्षता में सुरक्षा, कानून व्यवस्था व तैयारियों के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक हुई। इसमें सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, जिला पंचायत सीईओ गोकुल राबटे, अपर कलेक्टर उज्ज्वल पोरवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप, सहित राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए।

बैठक में त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय निर्वाचन को लेकर जिले के मतदान केंद्रों की स्थिति, संवेदनशील, अति-संवेदनशील मतदान केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की गई। साथ ही स्ट्रांग रूम, कानून व्यवस्था पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने संवेदनशील मतदान केंद्रों में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था और बल तैनात करने के निर्देश दिए। बैठक में चुनाव कार्य में लगे सभी निगरानी, सुरक्षा दलों को पूरी तत्परता मुस्तैदी और सक्रियता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को मतदान केंद्रों पर सतत निगरानी रखने, शांति व्यवस्था बनाने, पीठासीन अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

शिविर: ग्रामीणों को योग कराया स्वस्थ रहने के उपाय भी बताए



गोधना। नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुरियारी के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में पांच दिवसीय निशुल्क योग प्रशिक्षण दिया गया। इसमें विद्यार्थियों सहित ग्रामीणों को दैनिक जीवन में योग के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। आयुष्मान आरोग्य मंदिर सह शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय विद्यार्थियों के चिकित्सा अधिकारी आयुष ज्योति के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम के योग प्रशिक्षक राजेश्वर कश्यप ने 1 फरवरी से 5 फरवरी तक स्कूल प्रांगण में ग्रामीणों को योग प्रशिक्षण और स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां दी गई। सभी स्कूली बच्चों और ग्रामवासियों से अपील की गई कि लोग योग को अपने जीवन में शामिल करें। इससे उनका शरीर स्वस्थ रहे। इस कार्यक्रम में प्रति दिवस स्कूली बच्चों, ग्रामीणों को अंकुरित चना, मृंगफली और काढ़ा बांटा गया। इस कार्यक्रम में शासकीय आयुर्वेद औषधालय गोधना के फार्मासिस्ट डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार, औषधालय सेवक प्रहलाद कश्यप, पीटीएस छोटू लाल यादव व शासकीय प्राथमिक शाला के शिक्षकों का योगदान रहा।

वार्षिक उत्सव: विद्यार्थियों ने बस्तरिया गीत पर प्रस्तुति दी

रिगनी। स्वामी विवेकानंद संस्कृत विद्यालय बेल्हा में वार्षिक उत्सव का आयोजन हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संकुल प्रभारी बीके देवांगन व प्राचार्य एरावत कुमार साहू रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरिया के व्याख्याता राजीव लोचन कश्यप उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन करते हुए बस्तरिया गीत, आदिवासी नृत्य भक्ति गीत, पंथी नृत्य आदि पर अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में गांव सभी अभिभावक और ग्रामीण शामिल हुए। कार्यक्रम में बच्चों ने प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के संरक्षक पुनीराम कश्यप, दुर्गावती कश्यप, रामकली कश्यप, सविता काटले, संगीता कश्यप, भूमिका कश्यप आदि ने सहयोगी कया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन विद्यालय संचालक बीपी कश्यप व संचालन प्रधानाचार्य इंद्र देवांगन ने किया।

हाफ मैराथन में 73 साल के परसराम आए प्रथम

अकलतरा। इंदौर में 2 फरवरी को 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में 10 किलोमीटर की दौड़ में पहला स्थान पाकर वार्ड नंबर 14 निवासी 73 वर्षीय परसराम गोड़ ने जले का नाम रोशन किया।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद परसराम के लौटने पर रेलवे स्टेशन में आगमन पर नगर वासियों ने भव्य स्वागतं कया। उन्हें बैंड बाजे के साथ रेलवे स्टेशन से भगवान परशुराम मार्ग, ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर सब्जी मार्ग, शास्त्री चौक, पोस्ट ऑफिस रोड, आजाद चौक अंबेडकर चौक होते हुए निवास स्थान तक ले जाया गया। नगर के शास्त्री चौक पर भूतपूर्व सैनिक रोहित सारथी और नगर वासियों ने उनका स्वागतकिया। अंबेडकर चौक पर वरिष्ठ नागरिक मंच के स्वागत कार्यक्रम में परसराम के साथ उनकी पत्नी अर्चना गोड़ पुत्र ओमप्रकाश राज उपस्थित थे।

मैराथन में जीत चुके हैं कई पुरस्कार नगर के कॉलेज रोड स्थित 73 वर्षीय परसराम गोड़ द्वारा मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेडल और पुरस्कार प्राप्त किया गया। परसराम ने 20 अक्टूबर को नई दिल्ली में आयोजित हाफ मैराथन में तीसरा स्थान और 15 दिसंबर को कोलकाता में आयोजित हाफ मैराथना में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोहा

सक्ती। गांव बोरदा के शासकीय प्राथमिक शाला प्रांगण में शालेय परिवार के विद्यार्थियों और आसपास के विभिन्न स्कूलों का भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीईओ सक्ती एनके चंद्रा, अध्यक्षता बीईओ केपी राठौर और विशिष्ट अतिथि के रूप में संकुल प्रभारी बी. चक्रवर्ती व जिला सांख्यिकी अधिकारी सक्ती राकेश अग्रवाल थे।

प्राथमिक और माध्यमिक शाला के छात्रों ने सुंदर प्रस्तुति

दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में ज्ञान, वर्तमान परिस्थिति और देश भक्ति से ओत-प्रोत गीत पेश किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय के विकास के लिए हमेशा सहयोग करने और शाला के बच्चों का सर्वांगीण विकास के लिए काम करने के लिए कहा गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने पढ़ाई के साथ-साथ आयोजन की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संकुल प्रभारी और जिला सांख्यिकी अधिकारी ने भी संबोधित किया। विद्यालय परिवार की ओर से मुख्य अतिथि सहित अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार के शिक्षक तिरीथ बाई लहरे और सुरेश पटेल के साथ-साथ समस्त ग्रामीणों का सहयोग रहा। संचालन प्रधान पाठक ममता साहू और चंद्र प्रकाश तिवारी ने किया। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन विद्यालय की मुखिया ममता साहू ने किया।

ईश्तहार/सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विजय सिंह गोंड़ पिता बैगा सिंह गोंड़, उम्र 53 वर्ष, जाति-गोंड़, ग्राम गाड़ापाली, तह.-जांजगीर जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.) का निवासी हूं। यह कि मेरा एच.डी.एफ.सी. पालिसी नम्बर 14160569 में मेरा नाम विजय सिंह दर्ज है। यह कि मेरे आधार कार्ड नं. 433836915237 एवं मेरे यूको बैंक के पासबुक नं. 29483211011385 तथा पैन कार्ड नं. CWMPG1890C में भी विजय सिंह गोंड़ दर्ज है।

यह कि विजय सिंह गोंड़ एवं विजय सिंह दोनों मेरे ही नाम है तथा एक व्यक्ति है जो कि मैं ही हूं। अतः उक्त पालिसी की राशि को मेरे बैंक के खाते में जमा करने के समर्थन में मेरे द्वारा शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया गया है।

अगर जिस किसी भी व्यक्ति को इस संबंध में आपत्ति है तो अपना आपत्ति सात दिवस के भीतर एचडीएफसी बैंक चाम्पा में दर्ज करा सकते है।

सील

विजय सिंह गोंड़
गाड़ापाली

मां भारती सेवा सम्मान से नवाजे गए शिक्षक गबेल

सक्ती। शासकीय प्राथमिक शाला बगबुडवा में पदस्थ डोडकी निवासी जगदीश प्रसाद गबेल सहायक शिक्षक के पद में कार्यरत है। उन्हें विश्व गंगा वाहिनी सेवा संस्थान फतेहाबाद आगरा उत्तर प्रदेश द्वारा शैक्षणिक सेवा, हिंदी भाषा विकास के अमूल्य योगदान प्रदान करने के कारण जगदीश प्रसाद गबेल शिक्षक को मां भारती सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया।

साथ ही मेडल, अंग वस्त्र, प्रशस्ति-पत्र, स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित करने शाला परिवार शासकीय प्राथमिक शाला बगबुडवा, शासकीय प्राथमिक शाला डोडकी, पूर्व माध्यमिक शाला डोडकी शाला परिवार सरपंच ग्राम पंचायत डोडकी, संकुल केन्द्र कन्या सक्ती, नन्दौर खुर्द, कसेरपारा शैक्षणिक समन्वयक दिगंबर कंवर, मदन मोहन जायसवाल, राजेन्द्र बरेठ, प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल नवापारा खुर्द, पीएस राव, डॉ. दुर्गा गबेल, मनीराम गबेल, पुष्पा गबेल, सुदेश शर्मा, रमेश अग्रवाल, हीरामन कुमी रविन्द्र नाथ मिश्रा, सुरेश राठौर, देवचरण जाटवर, अनिल राठौर, भूषण सिदार, दिलबहार यादव, ममता जेसवानी, धरनीधर गबेल, नूतन संजय गबेल राजनांदगांव, सरोजनी जितेंद्र गबेल कोरबा, सीवन गबेल समस्त ग्रामीण डोड़की बगबुडवा ने खुशी जताई है। बता दें कि शिक्षक जगदीश प्रसाद गबेल को यह सम्मान उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया।

कुंभ कल्प: रोड पर डाल रहे मुरुम, इससे नदी का पानी गंदा होगा

राजिम। राजिम कुंभ मेला के लिए अब मात्र 5 दिन ही शेष रह गए हैं। 1 फरवरी को रायपुर संभाग आयुक्त सह मेला अधिकारी महादेव कांवरे ने संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर 5 फरवरी तक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए थे, लेकिन 5 फरवरी की स्थिति में कार्य अधूरा दिखाई दे रहा है।

जिसकी मेला प्रारंभ होने तक भी पूर्ण होने की संभावना नहीं दिख रही। नेहरू गार्डन से श्री कुलेश्वर महादेव मंदिर तक कच्ची सड़क का निर्माण किया जा रहा है। वहीं श्री कुलेश्वर मंदिर से महानदी आरती स्थल के किनारे से नवीन मेला मैदान तक भी सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है। यह कार्य अभी तक अधूरा दिखाई दे रहा है। नवीन मेला मैदान से एनीकट तक नदी किनारे बनाए जा रही कच्ची सड़क में बकायदा मुरुम भी डाली जा रही है, जबकि पूर्व में मुरुम को लेकर विरोध हो चुका है और मुरुम के बदले रेत पर फर्शी पत्थर

बिछाकर अस्थायी सड़क निर्माण किया जाता है, लेकिन इस बार बनाए जा रही मुरुम की सड़क से नदी को नुकसान पहुंचेगा।

गौरतलब है कि कुंभ कल्प मेला का निरीक्षण करने अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, संभाग आयुक्त महादेव कावरे, संस्कृति पर्यटन के एमडी विवेक आचार्य, गरियाबंद कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मेला स्थल पहुंचकर कार्यों की जायजा ले रहे हैं, लेकिन इन अधिकारियों को इसकी चिंता नहीं है। वे सिर्फ मेला की तैयारियां देखते हैं और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए और अपने-अपने कार्यालय पर चले जाते हैं।

मेला समाप्ति के बाद नहीं होती साफ सफाई- अधिकारियों की बैठक में मेला समाप्ति के बाद नदी की सफाई करने का निर्देश जरूर दिया जाता है, लेकिन धरातल पर काम नहीं होता। मेला समाप्ति के बाद अधिकारी तो यहां झांकने तक नहीं आते हैं। हर साल यही स्थिति निर्मित होती है। हालांकि नगर के कुछ सामाज सेवी अपने स्तर पर नदी का सफाई जरूर करते हैं, लेकिन नदी की सफाई पूरी तरह से कभी नहीं होती। नतीजा मेला के दौरान फैले कूड़ा कचरा नदी में जम जाता हैं। वहीं अस्थायी सड़क बनाने के लिए बिछाए गए बोरियां भी नहीं निकाली जाती। बता दें कि पैरी, सोढूर और महानदी की स्थिति का चिंता जनक हो गई है। नदी का एरिया पूरी तरह से गाद और जलकुंभी से अटा पड़ा है। गंदे पानी से गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ गया है, लेकिन अधिकारियों को नदी की यह स्थिति दिखाई ही नहीं देती। नगर तथा आसपास के लोगों की ओर से मांग उठ रही है कि मेला के दौरान मेला क्षेत्र के अलावा आसपास इलाकों में शराबबंदी और मांसाहार पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाए।

अनमोल वचन......

संसार मैं अगर सामर्थ्यवान बनना है तो परिश्रम भी अधिक करना होगा....

एक तीर से दो निशाने

मतभेदों का सम्मान किया जाना चाहिए और सद्भाव से रहने की कुंजी एकजुटता है। यह कहना है राष्ट्रीय स्वयं सेवक प्रमुख मोहन भागवत ने महाराष्ट्र के भिवंडी में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान ध्वाजारोहण के बाद कही। भागवत ने विविधा के संदर्भ में कहा कि गणतंत्र दिवस उत्सव के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों को याद करने का अवसर भी है। किसी को दबाया नहीं जाना चाहिए, आपकी अपनी विशेषताएं हो सकती हैं मगर आपको दूसरों के प्रति अच्छा व्यवहार करना चाहिए। यदि आपका परिवार दुखी है तो आप खुश नहीं रह सकते।

अगर आप जीना चाहते हैं तो सामंजस्यपूर्ण जीवन जीना चाहिए। कुछ ही समय पहले भागवत द्वारा हर धर्म के देवी-देवताओं के सम्मान की भी बात की गई थी, जिस पर विवाद छिड़ गया था। सौहार्द और जिम्मेदारियों को लेकर की गई उनकी बात को लेकर एक बार फिर संदेह किया जा सकता है। संघ के तौर-तरीकों व विवादास्पद विचारों की बजाए भागवत का एकजुटता को लेकर दिया गया भाषण रणनीति भरा व दूरदर्शितापूर्ण कहा जा सकता है। मगर उनके विरोधियों को यह रास नहीं आ सकता।

बहुसंख्यकों के हितों पर मुखर रूप से बोलने वाले भागवत अब देश में सभी को साथ रहने और इसे भारत की संस्कृति बताते हैं। हालांकि पिछले दिनों राम मंदिर निर्माण को देश की दूसरी आजादी से जोडने वाले उनके बयान पर कांग्रेस ने तल्ख टिप्पणी की थी। आरोप लगाया था कि वे संविधान को आजादी का प्रतीक नहीं मानते। यह कहना गलत नहीं है कि भागवत हिन्दुओं के नेता बनने की ललक के चलते विरोधाभाषी या विवादास्पद बयानबाजी करने से चूकना नहीं चाहते।

भाजपा के संघ को दरकिनार करने के संकेतों से निपटने के लिहाज से भी वह पलटवार करते नजर आते हैं। कभी एक-दसरे के पूरक रहे भाजपा व संघ के मतभेदों को पाटने के उनके ये प्रयास भी हो सकते हैं। कड़वी गोलियों के दरम्यान कुछ मीठी चीजों को प्लोभन के लिहाज से देते रहना भागवत की रणनीति का हिस्सा भी हो सकता है। विपटल पर अपनी छवि सुधारने और जनता के समक्ष अपना महत्त्व बनाये रखने के हथकंडों की उन्हें जरूरत है। जिस सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के बीज के दम पर भाजपा की फसल लहलहा रही है। उन बीज को संघ प्रमुख बेकार नहीं होने देना चाहेंगे, न ही उनके उन्नत संस्करणों पर पूरी तरह सत्ताधारी दल को काबिज ही होने देना चाहेंगे। विविधता व सामंजस्य की बात कर वह एक तीर से दो निशाने साधते नजर आ रहे हैं।

बजट 2025 में कृषि: ग्रामीण समृद्धि और मजबूती का इंजन

//नवीन पी. सिंह, एस के श्रीवास्तव//

विकसित भारत की आकांक्षा के साथ, वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट का उद्देश्य प्रमुख संरचनात्मक चुनौतियों का समाधान करते हुए लक्षित सुधारों के शुभारंभ के साथ भारत के कृषि और संबद्ध क्षेत्रों को नवरूप प्रदान करना है। यह बजट किफायती ऋण तक पहुंच बढ़ाने, फसल बीमा का विस्तार करने, कृषि-मूल्य श्रृंखलाओं को बढ़ावा देने और 1.52 ट्रिलियन रुपये के आवंटन के साथ संतुलित क्षेत्रीय विकास की प्राप्ति को प्राथमिकता देता है। बजट की प्रमुख विशेषताओं में से एक सब्सिडी वाले कृषि ऋण की सीमा को 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये प्रति किसान करना है, जिसका उद्देश्य वित्तीय समावेशन को व्यापक बनाते हुए किसान परिवारों को समर्थन देना है। इसके साथ-साथ, सरकार ने वर्ष 2030 तक दालों में आत्मनिर्भरता हासिल करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है।

इसके अलावा, बजट में मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए खाद्य प्रसंस्करण के लिए प्रोत्साहन के रूप में 109 बिलियन रुपये आवंटित किए गए हैं। बुनियादी ढांचे और उत्पादकता बढ़ाने के लिए 9 बिलियन डॉलर की पांच वर्ष की निवेश योजना के साथ मत्स्य पालन क्षेत्र को भी बढ़ावा मिला है। सरकार ने दीर्घकालिक उत्पादकता और नवाचार को बढ़ावा देने में कृषि अनुसंधान और शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता दी है। वित्त वर्ष 2025-26 में कृषि अनुसंधान और शिक्षा के लिए बजट 10,466.39 करोड़ रुपये है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3.05 प्रतिशत की मामूली वृद्धि को दर्शाता है। यह वृद्धि, सकारात्मक होते हुए भी, आधुनिक कृषि अनुसंधान की बढ़ती जटिलता और पूंजी-परक स्थिति को देखते हुए और अधिक पर्याप्त हो सकती थी। सबसे पहले, इस बजट में संबोधित की गई एक महत्वपूर्ण चिंता खाद्य मुद्रास्फीति है, जो निरंतर उच्च रही है और यह 2024 के अंत में वर्ष-दर-वर्ष 10 प्रतिशत को पार कर चुकी है। इससे निपटने के लिए, सरकार ने दालों के शुल्क-मुक्त आयात को बढ़ाया है और मूल्य स्थिरता को बनाए रखने के लिए चुनिंदा निर्यात प्रतिबंध भी लगाए हैं। हालांकि, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) और खरीद के प्रभावी कार्यान्वयन के माध्यम से दालों के पक्ष में समानता लाना आवश्यक है। दूसरा, मौसम की बदलती परिस्थितियों और घटते जल संसाधन जलवायु परिवर्तन के जोखिम इसमें शामिल हैं। कृषि क्षेत्र में मजबूत बनाने की दिशा में अधिक निवेश की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं। बजट में किसानों को जलवायु उतार-चढ़ाव से बचाने के लिए सिंचाई, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और जलवायु-अनुकूल प्रौद्योगिकियों के उपायों की रूपरेखा दी गई है। ये हस्तक्षेप दीर्घकालिक और जलवायु-अनुकूल कृषि कार्यप्रणाली की आवश्यकता की बढ़ती मान्यता को दर्शाते हैं। हालांकि, सरकार प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के लिए और विशेष रूप से कृषि क्षेत्र में संरचनात्मक सुधारों के माध्यम से दीर्घकालिक अवधि में सूखे को कम करने के लिए अधिक बजट आवंटित कर सकती थी। जैविक खेती जैसी योजनाओं के लिए बजट आवंटन के लगभग 50 प्रतिशत वास्तविक व्यय के साथ, बढ़े हुए बजट स्तरों के साथ योजना को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण चिंतन की आवश्यकता है जहां राज्यों को जैविक खेती के लिए वस्तुओं की पहचान के लिए शामिल किया जा सकता है। तीसरा, यह बजट कृषि और संबद्ध क्षेत्र को बदलने में संघीय व्यवस्था के महत्व पर जोर देता है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक हस्तक्षेप की आवश्यकता थी, जिसके परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना (पीएमडीडीकेवाई) का शुभारंभ हुआ, जिसका लक्ष्य कम उत्पादकता, मध्यम फसल तीव्रता और औसत से कम ऋण मापदंडों वाले 100 जिले हैं। इस योजना में स्वीकार्यता दृष्टिकोण अपनाया गया है और इसके अंतर्गत 1.67 करोड़ से अधिक किसानों को शामिल किए जाने की आशा है। कम विकसित क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने से समग्र कृषि विकास पर बहुत कम प्रभाव पड़ेगा। इस हस्तक्षेप का एक रोचक पहलू पंचायत स्तर पर कटाई के बाद के भंडारण को बढ़ाना है, जिसका उद्देश्य खेत से लेकर बाजार तक कटाई के बाद के नुकसान को कम करना है। रसद संबंधी अक्षमताओं को दूर करते हुए भंडारण सुविधाओं में सुधार करके, सरकार बर्बादी को कम करने और किसानों की आय बढ़ाने का प्रयास करती है।चौथा, भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था, जहां लगभग 65 प्रतिशत आबादी रहती है, कृषि पर बहुत अधिक निर्भर है। हालांकि, इस क्षेत्र को महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, जिसमें छिपी बेरोजगारी (अनुमानित 25-30 प्रतिशत), कम उत्पादकता, अपर्याप्त बुनियादी ढांचा और जलवायु-जनित बाधाएं शामिल हैं। नीति आयोग के अनुसार, लगभग 40 प्रतिशत किसान आर्थिक संकट के कारण खेती छोड़ने की इच्छा व्यक्त करते हैं। इसके अतिरिक्त, ग्रामीण मजदूरी प्रति वर्ष 2-3 प्रतिशत की धीमी गति से बढ़ी है, जबकि भारत में कृषि उत्पादकता वैश्विक मानदंड से 30-50 प्रतिशत कम है। ये चुनौतियां बड़े पैमाने पर ग्रामीण-से-शहरी प्रवास में योगदान करती हैं, जिसमें 9 मिलियन से अधिक लोग बेहतर आजीविका की तलाश में वार्षिक रूप से पलायन करते हैं।इन दबावयुक्त चिंताओं को दूर करने के लिए राज्य सरकारों के सहयोग से एक व्यापक बहु-क्षेत्रीय ग्रामीण समृद्धि और मजबूती कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी आजीविका के अवसरों का सृजन करने के लिए कौशल, निवेश और तकनीकी एकीकरण पर केंद्रित है। कृषि प्रसंस्करण, डिजिटल कृषि और जलवायु-अनुकूल खेती को बढ़ावा देकर इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण रोजगार को बढ़ाना और यह सुनिश्चित करना है कि प्रवास आर्थिक मजबूरी के बजाय एक विकल्प बन जाए। पांचवा, किसी भी पहल को प्रभावी ढंग से लागू करने में राज्यों के साथ केंद्र सरकार की भागीदारी महत्वपूर्ण है। क्षेत्रीय प्राथमिकताओं की पहचान करने, संसाधन जुटाने और अंतिम-छोर तक वितरण को सुनिश्चित करने में राज्य महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक समन्वित दृष्टिकोण राष्ट्रीय नीति प्रारूप को राज्य-स्तरीय निष्पादन के साथ जोड़ते हुए इसके प्रभाव को अधिकतम करेगा और समावेशी विकास को सुनिश्चित करेगा। यह सहयोग ग्रामीण परिदृश्य को बदलने, आर्थिक मजबूती को बढ़ाने और लाखों लोगों के लिए समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण होगा। पीएमडीडीकेवाई से केंद्र-राज्य सहयोग को मजबूत करने और ग्रामीण एवं कृषि अर्थव्यवस्था में दृढ़ता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की आशा है। छठा, वित्त वर्ष 2026 का बजट, संस्थानों और लक्षित कार्यक्रमों की स्थापना के माध्यम से कृषि उत्पादकता, मूल्य संवर्धन और बाजार पहुंच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रमुख हस्तक्षेपों का उल्लेख करता है। सरकार ने कपास, दालों, फलों और सब्जियों, संकर बीजों पर मिशन बनाने की घोषणा की है। बिहार में एक मखाना बोर्ड को मखाने के उत्पादन और निर्यात के लिए समर्थन दिया जाना है, जो इस क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण नकदी फसल है। इसी तरह, असम में एक नए उर्वरक संयंत्र से घरेलू उर्वरक उत्पादन को बढ़ाने और आयात पर निर्भरता को कम करने की उम्मीद है, जो भारत के उर्वरकों में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य के अनुरूप है। इसके साथ-साथ, सब्जियों और फलों के लिए एक व्यापक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है, जिसमें कटाई के बाद के बुनियादी ढांचे, कोल्ड स्टोरेज और प्रसंस्करण सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह कृषि उत्पादन की मांग-आधारित रणनीतियों की सराहना को दर्शाता है। उच्च उपज वाले बीजों पर राष्ट्रीय मिशन का उद्देश्य बीज प्रतिस्थापन दरों को बढ़ाना और आनुवंशिक उपज क्षमता में सुधार करते हुए प्रमुख फसलों में उत्पादकता अंतराल को दूर करना है। कपास की उत्पादकता में स्थिरता को देखते हुए, उच्च घनत्व वाले रोपण, बेहतर कृषि पद्धतियों और गुणवत्ता वाले बीजों तक बेहतर पहुंच को बढ़ावा देने के लिए कपास उत्पादकता पर मिशन का शुभारंभ किया गया है। ये पहल सामूहिक रूप से कम फसल पैदावार, अकुशल आपूर्ति श्रृंखला और मिट्टी में पोषक तत्वों की कमी जैसी महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करते हैं, जबकि वैश्विक सर्वोत्तम कार्यप्रणाली और तकनीकी प्रगति का लाभ उठाते हैं।

अंत में, भारत का व्यापक लक्ष्य 2030 तक कृषि निर्यात को 80 बिलियन डॉलर तक बढ़ाना है, जबकि घरेलू खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए किसानों की आजीविका में सुधार करना है। इसे प्राप्त करने के लिए, सरकार प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने, व्यापार बाधाओं को कम करने और कृषि-उद्यमिता को बढ़ावा देने के उपायों को लागू कर रही है। रसद, गुणवत्ता नियंत्रण तंत्र और वैश्विक बाजार संबंधों को मजबूत करना इस निर्यात लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

कुल मिलाकर, वित्त वर्ष 2025 का बजट कृषि में परिवर्तनकारी बदलावों की दिशा में एक परिपक्व और दूरदर्शी कदम है। यह संघीय सहयोग, संस्थागत मजबूती और कृषि में आत्मनिर्भरता जैसी विषयगत प्राथमिकताओं से जुड़े हस्तक्षेपों को रणनीतिक रूप से समेकित करता है। बजट में की गई वृद्धि कृषि क्षेत्र की प्रणालीगत चुनौतियों का समाधान निकालना, आर्थिक मजबूती बढ़ाने और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह बजट सतत कृषि विकास के लिए सही दिशा तय करता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि कृषि भारत में आर्थिक विकास के प्राथमिक इंजन के रूप में कार्य करती रहे।

नशा-विरोधी जन-अभियान की जरूरत

//भारत डोगरा//

विश्व में प्रति वर्ष विभिन्न तरह के नशे (शराब, तंबाकू, ड्रग्स आदि) से 110 लाख से अधिक मौतें प्रत्यक्ष तौर पर होती हैं, पर यदि अप्रत्यक्ष तौर होने वाली मौतों को भी देखें तो यह क्षति और भी अधिक है। मौतों के आंकड़ों के अतिरिक्त हमें यह भी देखना है कि नशे से कितने परिवार तबाह होते हैं और इस संदर्भ में सबसे अधिक नुकसान शराब से होता है। जितने लोग एक वर्ष में शराब से मरते हैं, उससे 150 गुणा अधिक वे लोग हैं कि जिनका जीवन शराब के कारण बुरी तरह गड़बड़ा गया है, और उनकी इस हालत की कीमत उनके परिवार को, पत्नी और बच्चों को, बुजुर्ग माता-पिता को भी सहनी पड़ती है।

भारत जैसे देशों में जहां शराब और अन्य नशों की समस्या बढ़ रही है, वहां एक अन्य मुद्दा यह भी है कि बहुत से गरीब परिवारों के बजट शराब और अन्य नशों (जैसे गुटखा) के कारण बुरी तरह बिगड़ जाते हैं। यदि किसी परिवार की औसत एक दिन की आय 500 रुपये है और उसका लगभग आधा हिस्सा शराब और गुटखे में चला जाए तो कैसे निर्वाह होगा। इसी कारण घर में झगड़े होते हैं, मारपीट होती है, और परिवार तबाह होते हैं। शराब, सिगरेट, बीड़ी, गुटखा सभी तरह-तरह के कैंसर और अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं हृदय रोग, स्ट्रोक आदि के कारण बनते हैं। हाल में अमेरिकी सरकार की चेतावनी में बताया गया कि शराब के कारण 7 से 10 तरह के कैंसर होते हैं। गुटखे से मुंह के विभिन्न तरह के बहुत दर्दनाक कैंसर होते हैं। युनिवर्सिटी कॉलेज (ब्रिटेन) के एक अध्ययन ने हाल में बताया कि केवल एक सिगरेट पीने से जीवन के 20 मिनट कम हो जाते हैं, या 20 सिगरेट का पैकेट पीने से 400 मिनट या 7 घंटे किसी व्यक्ति के जीवन से निकल जाते हैं।शराब के नशे में बहुत सी दुर्घटनाएं होती हैं जिनसे किसी एक वर्ष में लाखों लोग मारे जाते हैं। शराब के नशे में तरह-तरह के हिंसक अपराध और यौन अपराध होते हैं क्योंकि नशे में भले-बुरे का फर्क समझ नहीं आता है। विश्व में वर्ष 2016 में शराब के कारण हुई मौतों में से 28.7 प्रतिशत चोटों के कारण हुई, 21.3 प्रतिशत पाचन रोगों के कारण हुई, 19 प्रतिशत हृदय रोगों के कारण हुई, 12.9 प्रतिशत संक्रामक रोगों से हुई और 12.6 प्रतिशत कैंसर से हुई। 20 से 29 आयु वर्ग में होने वाली मौतों में से 13.5 प्रतिशत शराब के कारण होती हैं। सिगरेट-बीड़ी पीने से जो धुआं छोड़ा जाता है, उसका पास के लोगों पर बहुत बुरा असर पड़ता है क्योंकि इस धुएं में अनके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक तत्व होते हैं। इस तरह धूम्रपान करने वाले लोगों द्वारा पास के लोगों पर छोड़े गए धुएं से विश्व में एक वर्ष में 12 लाख मौत होती हैं। 65000 बच्चे इस कारण एक वर्ष में मरते हैं और कितने ही अन्य बच्चों के स्वास्थ्य की क्षति होती है। इसी तरह यदि माता-पिता गुटखे और तंबाकू का सेवन करते हैं तो बच्चों को भी कम उम्र में इसकी लत लग जाती है और उनके स्वास्थ्य की तबाही शुरू हो जाती है। गुटखे, तंबाकू, सिगरेट-बीड़ी से जहां गंभीर रोग होते हैं वहां दांतों और मुंह पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है और दिमाग में सिकुड़न आती है, उसकी क्षमता कम होती है।पिता के शराब पीने से बच्चों पर कई दुष्परिणाम होते हैं जैसे अवसाद, भावनात्मक क्षति, अकेलापन। इसके अतिरिक्त बच्चों की शिक्षा और सीखने की क्षमता पर प्रतिकूल असर पड़ता है। उनके द्वारा भी नशा करने की आशंका बढ़ती है। कुछ अध्ययनों ने शराब के इन सामाजिक दुष्परिणामों की आर्थिक कीमत लगाने का प्रयास किया है जिससे पता चलता है कि शराब के सामाजिक दुष्परिणाम कितने महंगे पड़ते हैं। यूरोपियन यूनियन के लिए वर्ष 2003 में लगाए गए अनुमान में शराब के सामाजिक दुष्परिणामों की कीमत 125 अरब यूरो लगाई गई। अमेरिका के लिए वर्ष 2006 में शराब के सामाजिक दुष्परिणामों की कीमत 233 अरब डॉलर लगाई गई। एक कुप्रयास कुछ वर्षों से हो रहा है और वह यह है कि शराब के विरुद्ध जो सामाजिक मान्यता सदा से भारतीय समाज में रही है, उस मजबूत और सार्थक परंपरा को ही समाप्त कर दिया जाए। शराब और अन्य तरह के नशे के विरुद्ध जो सामाजिक मान्यता बहुत पहले से रही है, उसे समाप्त नहीं होने देना चाहिए, बल्कि उसे तो और मजबूत करने की जरूरत इस समय है। केवल कानूनी कार्रवाई से शराब के नशे को दूर नहीं किया जा सकता है, इसके साथ नशे के विरुद्ध व्यापक जन-अभियान की भी जरूरत है। यदि पिछले कुछ दशकों को देखें तो समय-समय पर शराब के विरुद्ध बहुत सफल जन-आंदोलन भी हुए हैं। ऐसे सब जन अभियान और आंदोलन बहुत सार्थक तो रहे हैं, पर एक बड़ा सवाल यह भी है कि क्या उनकी निरंतरता को बनाए रखा जा सकता है कुछ समय बाद आंदोलन और अभियान ढीले पड़ते हैं तो शराब की कमाई से जुड़े तत्व फिर हावी हो जाते हैं। शराब का ठेका हटा दिया गया तो भी वे अन्य तरह से अवैध शराब बेचने लगते हैं। अतः यह जरूरी है कि जहां आंदोलन होते हैं और शराब के विरुद्ध लोग एकजुट हों वहां स्थाई तौर पर नशा विरोधी समितियों का गठन हो जाना चाहिए और इनकी मीटिंग भी नियमित तौर पर होनी चाहिए ताकि नशे के विरुद्ध जो चेतना लोगों में आई है, वह बनी रहे।

एक स्पष्ट नीति यह होनी चाहिए कि किसी भी गांव में यदि 50 प्रतिशत व्यक्ति शराब की दुकान के या ठेके के विरुद्ध हस्ताक्षर करते हैं तो वहां शराब का ठेका नहीं खुल सकता है। यदि यह पहले से खुला है तो 50 प्रतिशत लोगों के विरोध का हस्ताक्षरित आवेदन मिलने पर इसे बंद करना चाहिए। इसके साथ जहां भी अवैध शराब बिकती है, उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।कुछ लोग कहते हैं कि शराब छोडना कठिन है, पर बहुत से लोगों ने पक्का मन बनाकर, दृढ़ निश्चय कर शराब छोड़ी है, और छोड़ रहे हैं। मूल बात है अपने बच्चों और परिवार की भलाई को ध्यान में रख कर, अपने स्वास्थ्य की रक्षा के लिए इच्छाशक्ति को पक्का करना। हां, फिर भी अगर जरूरत हो तो डाक्टर से दवा और सलाह ली जा सकती है पर सबसे बड़ी जरूरत अपने मन को, अपनी इच्छाशक्ति को पक्का करने की है। हर तरह का नशा घातक है। अतः शराब के साथ ड्रग्स, सिगरेट, बीड़ी, गुटका, तंबाकू आदि से भी दूर रहें। ऐसे नशा-विरोधी जन-अभियान की जरूरत है, जिसमें शराब, सिगरेट बीड़ी, गुटखे, तरह-तरह के ड्रग्स, हुक्के सब को समाज से हटाया जाए या कम से कम किया जाए।

राशिफल

मेष राशिः आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। इस राशि के बिजनेसमैन को अचानक कहीं से धनलाभ होगा। आपकी आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आज आपने काम करने के तरीकों में बदलाव लाने से गतिविधियां बेहतर होंगी। आज आप अपनी दिनचर्या में सकारात्मक बदलाव करेंगे। उधार दिया पैसा मिलने के योग हैं। स्टूडेंट्स को मेहनत के मुताबिक अच्छे नतीजे मिलेंगे।

वृष राशिः आज के दिन भाग्य आपका पूरा साथ देगा। जो आपके लिए फायदेमंद साबित होगा। साथ ही आज काम में मन लगेगा। आज आप अपनी कार्यकुशलता के दम पर बेहतरीन कार्य पूर्ण करने में सफल होंगे। साथ ही किसी समस्या का समाधान मिलने से आपको खुशी होगी। कुछ समय अपने रुचिपूर्ण कार्यों में व्यतीत करेंगे। इससे आपको आत्मिक और मानसिक खुशी मिलेगी।

मिथुन राशिः आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपको मेहनत का फल जरूर मिलेगा। कई दिनों से चल रहीं कड़ी मेहनत आज रंग लाएगी। आज आपको बड़ी जिम्मेदारी मिलेगी जिसे आप बखूबी पूरा करेंगे। आज का दिन अनुकूल है लेकिन इसका सदुपयोग करना आपकी योग्यता पर निर्भर करता है।

कर्क राशिः आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आप दिन भर कई तरह के कामों में व्यस्त रहेंगे। आज भागदौड़ से राहत पाने के लिए थोड़ा समय खुद के लिए निकालें। आज अपने निजी कामों को पूरा करने में बिजी रहेंगे। आज फालतू उलझने छोड़कर अपने करियर पर ध्यान देंगे। आज नई-नई जानकारियां मिल सकती हैं। इस राशि के इंजीनियर्स के लिए आज का दिन फायदा देने वाला है।

सिंह राशिः का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके सामने कई चुनौतियां आएंगी, आप इनका डटकर मुकाबला करेंगे। आज खुशखबरी मिलने से मन प्रसन्न रहेगा और आप अपने अंदर नया जोश और ऊर्जा महसूस करेंगे। घर में सकारात्मकता बनाकर रखने के लिए घर की व्यवस्था में भी रुचि लेंगे।

कन्या राशिः आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज रोजगार में पदोन्नती के अवसर बनेंगे। आज जीवनसाथी और परिवारजनों का सहयोग आपकी कार्य क्षमता को और बेहतर बनाएगा। आज आपका स्वास्थ्य ठीक रहेगा। आज ऑफिस में आपके ऊपर काम का बोझ अधिक रहेगा। काम करने के तरीकों में कुछ परिवर्तन लाने की जरूरत है। पहले हुई गलती से दोस्तों से बिगड़े हुए रिश्तों में आज सुधार आएगा।

तुला राशिः आज का दिन आज ठीक-ठाक रहेगा। आज करीबी रिश्तेदारों के साथ मिलकर अच्छी योजनाओं पर विचार होगा। आपका रुका हुआ पैसा मिल सकता है। धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में रुझान बढ़ेगा। परिवार के साथ मनोरंजक यात्रा का प्लान बनेगा। आज अपना मनोबल मजबूत बनाये रखें, सभी कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक राशिः आज का दिन आपके लिए नई खुशियां लेकर आया है। आपका चंचल स्वभाव लोगों को प्रभावित करेगा। ज्यादा सोच-विचार करने से समय निकल सकता है, इसलिए योजनाएं बनाने के साथ-साथ तुरंत लागू करने की भी कोशिश करें। आज आपके खर्चों में अधिकता रहेगी।

धनु राशिः आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। इस राशि के राजनीतिक से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। अपने उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॅान्स मिलेगा। आज काम करने से पहले उससे जुड़ी जानकारी जरूर हासिल करें। इससे आपको सफलता मिलेगी। दूसरों की बातों में न आएं। अपने फैसलों को ही सर्वोपरि रखें और अपनी मेहनत पर भरोसा रखें।

मकर राशिः आज का दिन घूमने-फिरने में बितेगा। आज अफवाहों पर ध्यान न देकर अपने कामों पर फोकस करें। आने वाले दिनों में आपको मेहनत के मुताबिक सफलता मिलेगी। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा रहेगा। आज समस्याओं से घबराने के बजाय सॉल्यूशन खोजने की कोशिश करेंगे। परिवारवालों के साथ मनोरंजन के लिए कहीं दूर ट्रिप का प्लान बन सकता हैं।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहेगा। आज आपके सारे पुराने काम आसानी से हो जाएंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज जरूरी कार्यों में लोगों का साथ मिलेगा। उनके मार्गदर्शन में आप अपने आसपास की परिस्थितियों में बदलाव महसूस करेंगे।

मीन राशिः आज का दिन घूमने-फिरने में बितेगा। आज आत्मविश्वास बनाए रखने से काम को अच्छे से पूरा कर पाएंगे। नए लोगों से मुलाकात होगी और रुके काम पूरे होने से रिलेक्स महसूस करेंगे। फालतू खर्चे कम करने की कोशिश करेंगे लेकिन कुछ ऐसे खर्चे भी रहेंगे जिनको रोक पाना मुश्किल होगा। आज अपना मनोबल बनाए रखें। परिवार के सभी सदस्यों को आनन्द की प्राप्ति होगी।

तस्वीरों की दुनिया

पटना में कांग्रेस नेता और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी श्रीकृष्ण सभागार में जगलाल चौधरी की जयंती के अवसर पर आजादी के परवाने में शामिल हुए।

दिल्ली की मुख्यमंत्री और कालकाजी विधानसभा सीट से आप उम्मीदवार आतिशी नई दिल्ली में दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपना वोट डालने के बाद स्याही लगी अपनी उंगली दिखाती हुई।

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का पटना एयरपोर्ट पहुंचने पर समर्थकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और सुदेश धनखड़ ने नई दिल्ली में दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपना वोट डाला।

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी, रॉबर्ट वाड्रा और बेटे के साथ नई दिल्ली में दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए अपना वोट डालने के बाद स्याही लगी अपनी उंगली दिखाती हुई।

आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल अपने परिवार के साथ दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोट डालने के बाद स्याही लगी उंगली दिखाते हुए।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए वोट डालने के बाद भाजपा उम्मीदवार प्रवेश वर्मा अपने परिवार के साथ स्याही लगी उंगली दिखाते हुए।

दिल्ली-एनसीआर में बढ़ी ठंड, यूपी-बिहार में बारिश का अलर्ट, इन राज्यों में छाएगा कोहरा

नईदिल्ली, 06 फरवरी [एजेंसी]।

मौसम में उतार चढ़ाव का दौर जारी है। कभी तापमान में तेजी तो कभी आसमान में बादल छाए रहने से तापमान में भी उतार चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में दिनभर आसमान साफ होने के साथ अच्छी धूप निकली। इस दौरान हवा चलती रहने से ठंडक बनी रही। मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार दिल्ली-यूपी में बृहस्पतिवार तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। सुबह के समय हवा शांत रहीं तो कोहरा छा सकता है। आने वाले दिनों में संपूर्ण इलाके में एक बार फिर से उत्तरी बर्फीली हवा चलने से दिन और रात के तापमान में गिरावट आने की संभावना है।आईएमडी के मुताबिक, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार समेत कई राज्यों में बारिश और कोहरे का अलर्ट है। वहीं बीच-बीच में ठंड बढ़ने की संभावना है। अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय में व्यापक वर्षा हो सकती है। उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और ओडिशा के अलग-अलग इलाकों में रात/सुबह

के समय घने कोहरे की स्थिति बनी रहने की भी संभावना है। एक पश्चिमी विक्षोभ (डब्ल्यूडी) को पश्चिम अफगानिस्तान और उसके पड़ोस पर एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में देखा जाता है और एक और ताजा डब्ल्यूडी 8 फरवरी से उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित करने की उम्मीद है। सप्ताहांत में पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में हल्की बारिश/बर्फबारी की संभावना है। शेष सभी क्षेत्रों में शुष्क मौसम रहेगा।

जहां तक पारे के स्तर की बात है, इस अवधि के दौरान भारत में अधिकतम तापमान सामान्य के करीब या उससे ऊपर रहेगा, जबकि गुजरात और आसपास के क्षेत्रों में सामान्य से कम तापमान होगा और गुरुवार के बाद मध्य और पूर्वी भारत में इसका विस्तार होगा। इस अवधि के दौरान भारत के अधिकांश हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से काफी ऊपर रहेगा। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि दिल्ली-एनसीआर में बृहस्पतिवार की सुबह हल्का कोहरा रहने की संभावना है। दिन में आसमान साफ रहेगा। गतिविधि होने की संभावना है। शेष सभी क्षेत्रों में शुष्क मौसम रहेगा।

जहां तक पारे के स्तर की बात है, इस अवधि के दौरान भारत में अधिकतम तापमान सामान्य से 0.4 डिग्री अधिक 23.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.6 डिग्री अधिक 11.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 93 से 47 प्रतिशत रहा।

मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के बावजूद दिल्ली के लोगों को प्रदूषित हवा से राहत मिलती नहीं दिख रही है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा जारी एयर क्वालिटी बुलेटिन के मुताबिक, बुधवार को दिल्ली के 17 इलाकों का एक्यूआई 300 के पार यानी बहुत खराब श्रेणी में रहा। हालांकि समग्र रूप से दिल्ली का एक्यूआइ 300 से नीचे यानी खराब श्रेणी में दर्ज हुआ।वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली के मुताबिक, अगले दो दिनों के बीच हवा की गुणवत्ता का स्तर इसी के आसपास रहेगा। मौसम के अलग-अलग कारकों के चलते दिल्ली की हवा में प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है।

छत्तीसगढ़ बना म्यूल अकाउंट का हब : साइबर जालसाजों ने खड़ी की कंपनी, 5000 खाते ब्लॉक

रायपुर। साइबर ठगी की घटना को अंजाम देने वाले जालसाजों के लिए मनी पार्किंग करने छत्तीसगढ़ सुरक्षित ठिकाना बन चुका है। केंद्रीय गृहमंत्रालय की रिपोर्ट पर रायपुर के साथ दुर्ग, राजनांदगांव साइबर पुलिस ने म्यूल अकाउंट के माध्यम से पिछले दो माह के भीतर 500 करोड़ रुपए से ज्यादा साइबर ठगी की रकम छत्तीसगढ़ के अलग-अलग लोगों के बैंक अकाउंट के माध्यम से ट्रांसफर होने का खुलासा किया। रायपुर में बाकायदा जालसाजी का पैसा ठिकाने लगाने कंपनी बनाई गई थी। साइबर जालसाजों की रकम सुरक्षित करने कंपनी बनाने का देश में संभवतः पहला मामला है। एएसपी क्राइम संदीप मित्तल के अनुसार रायपुर के विभिन्न बैंकों में खाले गए पांच हजार से ज्यादा संदिग्ध म्यूल अकाउंट की पहचान कर ब्लाक कराने का काम किया गया। इनमें कई ऐसे बैंक अकाउंट हैं, जिसमें खाता धारक का नाम तो है, लेकिन धरातल पर उसके बारे में बैंक अफसरों तक को जानकारी नहीं है।

खास खबर साइबर पुलिस ने रायपुर के साथ दुर्ग तथा राजनांदगांव में कार्रवाई की है। छत्तीसगढ़ के रास्ते ठगों के अकाउंट में विदेश में पैसा ट्रांजेक्शन होने के प्रमाण मिले हैं। म्यूल अकाउंट मामले में रेंज साइबर पुलिस चार बैंक कर्मी सहित अब तक 70 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इसी तरह से दुर्ग पुलिस ने 23 राजनांदगाव पुलिस ने चार लोगों को म्यूल अकाउंट मामले में गिरफ्तार किया है। म्यूल अकाउंट का इसलिए बना हब छत्तीसगढ़ के म्यूल अकाउंट हब बनने की जो वजह निकलकर सामने आई है, उसके मुताबिक पूर्व में महादेव सट्टा की रकम ठिकाने लगाने किराए पर बड़े पैमाने पर बैंक अकाउंट खुलवाए गए थे। इसके बाद से साइबर ठग ने छत्तीसगढ़ में अलग-अलग लोगों से संपर्क कर ठगी की रकम ठिकाने लगाने बड़े पैमाने पर म्यूल अकाउंट खुलवाने का काम किया। पुलिस को आशंका है कि राज्य के अलग-अलग जिलों में हजारों की संख्या में जालसाज अब भी म्यूल अकाउंट के माध्यम से ठगी की रकम का ट्रांजेक्शन कर रहे हैं।

शराब घोटाला मामले में बढ़ी तरुमा की मुश्किल, अग्रिम जमानत की याचिका खारिज

रायपुर। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला केस में पूर्व आबकारी मंत्री और कांटा से कांग्रेस विधायक कवासी लखमा को राहत नहीं मिली है। EOW की कोर्ट ने लखमा की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। EOW की कार्रवाई से बचने के लिए लखमा के वकील ने कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका लगाई थी जिस पर मंगलवार को सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने आज बुधवार को फैसला सुनाया है। ED कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई के दौरान 14 दिन के लिए न्यायिक रिमांड बढ़ा दी है। इस मामले में अगली सुनवाई 18 फरवरी को होगी। लखमा को 21 जनवरी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था। लखमा के वकील ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि, EOW ने FIR के आधार गिरफ्तारी की है। कवासी विधायक हैं।

राज्यपाल का विधेयकों को मंजूरी नहीं देना लोकतांत्रिक प्रणाली की विफलता, तमिलनाडु ने कोर्ट से कहा

नईदिल्ली, 06 फरवरी [एजेंसी]।

तमिलनाडु सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि राज्यपाल आरएन रवि का विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को दूसरी बार भी मंजूरी नहीं देना देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था की विफलता होगी। जस्टिस जेबी पार्डीवाला और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ विधानसभा द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने के मुद्दे पर राज्यपाल के साथ चल रहे टकराव को लेकर दायर दो याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। ये याचिकाएं तमिलनाडु सरकार ने दायर की हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि पार्टियों के बीच विवाद के कारण जनता और राज्य को नुकसान हो रहा है।राज्य सरकार की ओर से चार फरवरी को पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा कि कानून के तहत अगर राज्य विधानमंडल विधेयक पारित करता है, तो राज्यपाल

पुनर्विचार के लिए कह सकते हैं। रोहतगी ने दलील दी, हालांकि, अगर उसी विधेयक को फिर से पारित किया जाता है और राज्यपाल के समक्ष दूसरी बार पेश किया जाता है, तो राज्यपाल के पास स्वीकृति देने के अलावा कोई विकल्प नहीं होता है। यह हमारे संवैधानिक ढांचे में निर्धारित प्रक्रिया है। अगर राज्यपाल फिर भी अपनी स्वीकृति नहीं देते हैं या अपनी स्वीकृति देने में विफल रहते हैं, तो यह हमारी लोकतांत्रिक प्रणाली की विफलता है। तमिलनाडु सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि विधेयक को राष्ट्रपति के पास भेजने का विकल्प पहली बार में ही तय किया जाना चाहिए था और इसे बाद में नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विधेयक के दोबारा पारित होने और राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के बाद, उनके पास मंजूरी देने के अलावा कोई विकल्प नहीं था और दूसरी बार में वह विधेयक को राष्ट्रपति के विचार के लिए नहीं रख सकते थे।पीठ ने मामले की अगली सुनवाई छह फरवरी के लिए स्थगित कर दी और कहा कि वह पहले तमिलनाडु सरकार के वकील और फिर राज्यपाल का प्रतिनिधित्व करने वाले अटार्नी जनरल आर. वेंकटरमणि को दलीलें सुनेगी। राज्य सरकार ने 2023 में शीर्ष अदालत का रुख किया और रवि पर विधेयकों को मंज़ूरी देने में देरी का आरोप लगाया है।

जन्मजात नागरिकता पर ट्रंप के आदेश पर एक और जज ने लगाई रोक, ट्रांसजेंडर एथलीट के लिए भी जारी किया आदेश

वाशिंगटन, 06 फरवरी [एजेंसी]।

अमेरिका में अवैध रूप से रहने वाले लोगों के यहां जन्मे किसी भी व्यक्ति के लिए जन्मजात नागरिकता के अधिकार को समाप्त करने के प्रविधान वाले राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कार्यकारी आदेश पर बुधवार को एक और जज ने अस्थायी तौर पर रोक लगा दी। कोर्ट का यह निर्णय 22 राज्यों के साथ ही अन्य संगठनों की याचिका पर आया, जिन्होंने ट्रंप के कार्यकारी आदेश पर रोक लगाने का आग्रह किया था। मैरीलैंड संघीय अदालत की जज डेबोरा बोर्डमैन ने दलीलें सुनने के बाद यह निर्णय दिया। उन्होंने कहा कि देश की किसी भी अदालत ने ट्रंप प्रशासन के कदम का समर्थन नहीं किया है। ट्रंप के कार्यकारी आदेश पर रोक को लेकर प्रवासी-अधिकार वकालत समूहों कासा एवं असाइलम सीकर एडवोकेसी प्रोजेक्ट और कुछ गर्भवती महिलाओं ने भी मुकदमा किया है।ट्रंप ने शपथ ग्रहण के बाद जन्मजात नागरिकता पर रोक लगाने के लिए कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किया था।

इसके बाद एक अदालत ने राष्ट्रीय स्तर पर इस पर अस्थायी रूप से रोक लगा दी। वाशिंगटन में चार राज्यों द्वारा एक अलग मुकदमा दायर किया गया है, जहां एक जज ने आदेश को स्पष्ट रूप से असंवैधानिक कहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप जल्द ही एक ऐसे कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं, जिसके बाद ट्रांसजेंडर खिलाड़ी महिला वर्ग के खेलों में हिस्सा नहीं ले सकेंगी। यह आदेश उन ट्रांसजेंडर एथलीट पर लागू होगा जो जन्म के समय पुरुष थे और बाद में लिंग परिवर्तन कराकर महिला बन गए। ट्रंप ने हाल ही में एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर कर रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ को ट्रांसजेंडर सैनिकों संबंधी पेंटागन की नीति को संशोधित करने का निर्देश दिया है।

ढाका में बवाल, बांग्लादेश संस्थापक शेख मुजीबुर के आवास पर तोड़फोड़ और आगजनी, हसीना के खिलाफ लगे नारे

नईदिल्ली, 06 फरवरी [एजेंसी]।

बांग्लादेश की राजधानी ढाका में प्रदर्शनकारियों ने देश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान के ऐतिहासिक आवास पर हमला बोल दिया। आवास में तोड़फोड़ के बाद आग लगा दी। यह घटना उस समय हुई जब उनकी बेटी और अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना एक लाइव ऑनलाइन संबोधन दे रही थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, धानमंडी क्षेत्र में स्थित इस घर के सामने हजारों लोग एकत्रित हुए थे। इस घर को अब एक स्मारक संग्रहालय में बदल दिया गया है और इसे बांग्लादेश के स्वतंत्रता आंदोलन का प्रतीक स्थल माना जाता है। प्रदर्शनकारियों ने इंटरनेट मीडिया पर बुलडोजर जुलूस के आह्वान के बाद इस घटना को अंजाम दिया। हसीना ने अवामी लीग के अब भंग हो चुके छात्र संगठन छात्र लीग द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में देशवासियों से मौजूदा शासन के खिलाफ मिलकर प्रतिरोध करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा- वे हमारे राष्ट्रीय ध्वज, संविधान और स्वतंत्रता को नष्ट नहीं कर सकते, जिसे हमने लाखों लोगों के बलिदान से हासिल किया है। यह बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मुहम्मद यूनुस के शासन की ओर इशारा था। हसीना ने आगे कहा- वे एक इमारत को ध्वस्त कर सकते हैं, लेकिन इतिहास को नहीं। उन्हें यह भी याद रखना चाहिए कि इतिहास अपना बदला लेता है। अपदस्थ प्रधानमंत्री ने थोड़ी

भावुक आवाज में कहा-पाकिस्तानी सैनिकों ने 1971 के मुक्ति संग्राम के दौरान भी इस घर को लूटा था, लेकिन इसे ध्वस्त नहीं किया या आग नहीं लगाई।

आज इस घर को ध्वस्त किया जा रहा है। इसने क्या अपराध किया था। वे इस घर से इतना डरते क्यों थे.. मैं देश के लोगों से न्याय की मांग करती हूं। क्या मैंने आपके लिए कुछ नहीं किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने ने बताया कि सेना के एक समूह ने प्रदर्शनकारियों को समझाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें हूटिंग का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने पहले इमारत की दीवार पर बने बलिदानी नेता के एक भित्ति चित्र को नुकसान पहुंचाया और लिखा अब 32 नहीं होगा। भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के एक प्रमुख आयोजक अब्दुल हन्नान मसूद ने फेसबुक पोस्ट में सभी पूर्व अवामी लीग सांसदों और मंत्रियों के आवासों को ध्वस्त करने का आह्वान किया और उन स्थलों पर नई इमारतें बनाने का प्रस्ताव दिया। दिन में पहले, मंच के संयोजक हसनत अब्दुल्ला ने बांग्लादेश के मीडिया आउटलेट्स को हसीना के भाषण का प्रसारण करने के खिलाफ चेतावनी दी थी और कहा था कि इसे उनके एजेंडे को बढ़ावा देने के रूप में देखा जाएगा। इस बीच, गृह सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) एमडी जाहंगीर आलम चौधरी ने कहा कि अंतरिम सरकार भारत से हसीना और अन्य को प्रत्यर्पण संधि के तहत वापस लाने के लिए सभी प्रयास कर रही है।

हमें नहीं पता कि परिजन अमेरिका कैसे पहुंचे, गुजरात के अवैध आप्रवासियों के परिवारों ने किया बड़ा दावा

अहमदाबाद, 06 फरवरी [एजेंसी]।

अमेरिका से निर्वासित किए गए गुजरात के अवैध आप्रवासियों के परिवारों ने दावा किया है कि उन्हें नहीं पता कि उनके परिजन अमेरिका कैसे पहुंचे। पूर्व उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल ने निर्वासित गुजराती लोगों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की।उन्होंने कहा कि वे नौकरी या करियर की तलाश में विदेश गए थे और उन्हें अपराधी के रूप में नहीं दिखाया जाना चाहिए। अमेरिका से अमृतसर पहुंचे 104 निर्वासितों में से 33 गुजरात से हैं। इनमें से अधिकांश मेहसाणा, गांधीनगर, पाटन, वडोदरा और खेड़ा जिलों से हैं। उम्मीद है कि वे गुरुवार को अपने पैतृक स्थानों पर पहुंच जाएंगे।मेहसाणा जिले के चंद्रनगर-दाभला गांव के निवासी कनुभाई पटेल की बेटी भी निर्वासितों में शामिल है। कनुभाई ने दावा किया कि वह एक महीने पहले अपने दोस्तों

के साथ यूरोप छुट्टी मनाने गई थी। मुझे नहीं पता कि यूरोप पहुंचने के बाद उसने क्या योजना बनाई। आखिरी बार हमारी उससे बात 14 जनवरी को हुई थी। हमें नहीं पता कि वह अमेरिका कैसे पहुंची।एक अन्य निर्वासित वडोदरा जिले के लूना गांव की है। उसके चाचा प्रवीण पटेल ने पत्रकारों को बताया कि वह एक महीने पहले अमेरिका के लिए रवाना हुई थी। वह पास में ही, उसी गांव में रहती है। उसकी शादी एक साल पहले हुई थी और वह पिछले महीने अमेरिका गई थी। हमें केवल इतना पता है कि उसे निर्वासित कर दिया गया है।

हमें उसके निर्वासन के पीछे का कारण नहीं पता।पूर्व में गुजरात पुलिस ने अवैध तरीकों से लोगों को अमेरिका और कनाडा भेजने वाले आव्रजन एजेंटों के खिलाफ कार्रवाई की थी। गांधीनगर के डिंगुचा गांव का एक परिवार 2022 में कनाडा से अवैध रूप से अमेरिका में दाखिल होने की कोशिश करते समय ठंड से मर गया। जनवरी 2022 में अमेरिका-कनाडा सीमा पर, जगदीश पटेल, उनकी पत्नी और उनके दो बच्चों की बर्फानी तूफान के बीच अत्यधिक ठंड के संपर्क में आने के कारण मृत्यु हो गई थी।बाद में पुलिस ने इस मामले में तीन एजेंट योगेश पटेल, भावेश पटेल और दशरथ चौधरी को गिरफ्तार किया। जांच में पता चला कि आरोपियों ने इसी नेटवर्क के जरिए सात अन्य लोगों को कनाडा भेजा था।

राहुल गांधी ने उठाया मेक इन इंडिया पर सवाल, भाजपा ने साधा निशाना, कही ये बात

नईदिल्ली, 06 फरवरी [एजेंसी]।

केंद्र सरकार की मेक इन इंडिया पहल पर टिप्पणियों के लिए भाजपा ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आलोचना की। पार्टी ने कहा कि कांग्रेस नेता ने अंततः भले ही संप्रग सरकार की विफलताओं को स्वीकार कर लिया हो, लेकिन भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बर्बाद हुए दशक से आगे बढ़ चुका है।लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट में कहा था कि सदन में अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने मेक इन इंडिया का उल्लेख नहीं किया। प्रधानमंत्री को मान लेना चाहिए कि यह पहल विफल हो चुकी है। राहुल ने यह भी कहा कि हाल के समय में कोई भी सरकार, चाहे वह संप्रग सरकार रही हो या राजग की, नौकरियां देने की राष्ट्रीय चुनौती पर खरी नहीं उतर सकीं। हमें ऐसे विजन की जरूरत है जो हमारे विनिर्माण क्षेत्र के पिछड़ेपन को दूर कर सके और भविष्य की वैश्विक आर्थिकी में प्रतिस्पर्धी बनने के लिए तैयार कर सके। उन्होंने कहा कि भारत को इलेक्ट्रिक मोटर, बैटरी, आप्टिक्स और एआई जैसी उभरती हुई तकनीकों पर खास फोकस करना चाहिए। भाजपा के आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने मोदी सरकार के तहत विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति को रेखांकित करने के लिए आंकड़ों का हवाला दिया। उन्होंने एक पोस्ट में कहा, आंकड़े खुद बोलते हैं- विनिर्माण बढ़ रहा है, नौकरियां

सृजित की जा रही हैं और भारत उत्पादन का वैश्विक केंद्र बन रहा है। भाजपा नेता ने कहा, यह अच्छा है कि राहुल गांधी ने आखिरकार वह तथ्य स्वीकार कर लिया है जो पूरा देश पहले से जानता था कि एक दशक तक सत्ता में रहने बाद भी संप्रग नौकरियां सृजित करने और भारत के विनिर्माण के आधार को मजबूत करने में विफल रहा। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने इस बात को अनदेखा कर दिया कि उनकी पार्टी ने भारत की आर्थिकी को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए कुछ नहीं किया। कांग्रेस ने देश की औद्योगिक वृद्धि को कमजोर किया।कांग्रेस के विनाशकारी दृष्टिकोण का एक उदाहरण 2006 का है जब इंटेल भारत में चिप प्लांट लगाना चाहती थी और संप्रग सरकार नीतिगत फैसलों को विलंबित करती रही और इंटेल को अपना निवेश चीन और वियतनाम ले जाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

इस एक विफलता ने सेमीकंडक्टर निर्माण में भारत को दशकों पीछे कर दिया।मालवीय ने रिजर्व बैंक के केएलईएमएस डाटा के हवाले से बताया कि 2014 से 2024 तक अतिरिक्त 17.9 करोड़ नौकरियां सृजित की गईं, जबकि 2004 से 2014 तक सिर्फ 2.9 करोड़ नौकरियां सृजित की गई थीं। दशकों तक कांग्रेस की नारेबाजी के उलट राजग सरकार महत्वपूर्ण तकनीकों के लिए क्षमता निर्माण में सक्रियता से निवेश कर रही है। इसके अतिरिक्त पुराने पड़ चुके 1,550 कानूनों और 40 हजार अनावश्यक अनुपालनों को खत्म कर दिया गया है।सरकार ने उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजना जैसे साहसिक सुधार भी किए हैं जो 14 प्रमुख क्षेत्रों व अत्याधुनिक तकनीकों को बढ़ावा दे रहे हैं। कांग्रेस का दृष्टिकोण समस्याओं पर आंसू बहाने का था, लेकिन मोदी सरकार उनका समाधान करती है।

27 साल का वनवास खत्म! 11 में से 9 एक्जिट पोल के दावों में बीजेपी की बन रही सरकार

नईदिल्ली, 06 फरवरी [एजेंसी]।

दिल्ली में विधानसभा चुनाव में मतदान के बाद जितने भी एक्जिट पोल और सर्वे सामने आए हैं, वह राजधानी में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनने की तरफ इशारा कर रहे हैं। इन एक्जिट पोल और सर्वे के आधार पर दिल्ली में भाजपा का 27 साल का वनवास खत्म होता दिख रहा है। 11 एक्जिट पोल में से नौ में भाजपा की जीत और दो में आम आदमी पार्टी की जीत का अनुमान लगाया गया है।एक एक्जिट पोल में दोनों के बीच कड़ी टक्कर बताई गई है, जिसमें भाजपा को बढ़त मिलती दिखाई गई है। उधर, कांग्रेस को पिछले चुनाव के मुकाबले कोई खास बढ़त नहीं मिलने का अनुमान है। बता दें कि चुनाव आयोग आठ फरवरी को मतगणना के बाद आधिकारिक नतीजों की घोषणा करेगा।70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा में 36 बहुमत का आंकड़ा है। आप के पास वर्तमान में 62 विधायक हैं, भाजपा के पास आठ और कांग्रेस के पास कोई नहीं है। राजधानी में वर्ष 2013 से आम आदमी पार्टी की सरकार है। भाजपा 1993-98 में आखिरी बार दिल्ली में सत्ता में आई थी।हालांकि, पिछले तीन विधानसभा चुनावों के नतीजों पर नजर डालें तो एक्जिट पोल दिल्ली के मतदाताओं का मूड भांपने में विफल रहे हैं। वर्ष 2013 में जहां खंडित जनादेश था तो वर्ष 2015 व 2020 में आप की एकतरफा जीत का अनुमान लगाने में भी एग्जिट पोल विफल रहे थे।विधानसभा चुनाव में बुधवार को शाम छह बजे तक दिल्ली में 57.89 प्रतिशत मतदान हुआ।

सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 2,696 मतदान स्थलों पर बने 13,766 मतदान केंद्रों पर हुए मतदान में छिटपुट घटनाओं को छोड़कर ईवीएम में खराबी और मतदान प्रभावित होने की भी कोई बड़ी घटना सामने नहीं आई। दिल्ली में एक करोड़ 56 लाख 14 हजार मतदाता हैं।दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शाम छह बजे के बाद भी करीब दो मतदान केंद्रों पर मतदान चल रहा था। इस वजह से मत प्रतिशत का वास्तविक आंकड़ा देर रात तक बदल सकता है। वर्ष 2020 के पिछले विधानसभा चुनाव में 62.60 प्रतिशत मतदान हुआ था। मतदान के बाद अब आठ फरवरी को मतगणना होगी। उस दिन 699 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला होगा। उत्तर प्रदेश के मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव के मतदान में 65.35 प्रतिशत मतदाताओं ने हिस्सा लिया, जो वर्ष 2022 के चुनाव में पड़े 60.44 प्रतिशत से 4.81 प्रतिशत अधिक है।

साड़ी में पतली दिखने के 5 आसान टिप्स, जो आप नहीं जानती होंगी

साड़ी एक ऐसी पारंपरिक पोशाक है, जो हर उम्र की महिलाओं पर बहुत सुंदर लगती है। साड़ी पहनते समय कई महिलाएं अपने शरीर को स्लिम दिखाने के लिए चिंतित रहती हैं। सही कपड़े और स्टाइलिंग से आप आसानी से स्लिम दिख सकती हैं।

इस लेख में हम आपको कुछ सरल और प्रभावी टिप्स देंगे, जिनसे आप साड़ी में न केवल पतली बल्कि आकर्षक भी नजर आ सकती हैं, जिससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

साड़ी का कपड़ा होना चाहिए हल्का

साड़ी का कपड़ा आपके लुक को बहुत प्रभावित करता है।

अगर आप स्लिम दिखना चाहती हैं तो हल्के और मुलायम कपड़े जैसे जॉर्जेट या शिफॉन की साड़ियां चुनें। ये कपड़े शरीर पर अच्छी तरह से बैठते हैं और आपकी बॉडी को एक सुंदर आकार देते हैं।

भारी सिल्क या कॉटन की जगह इन हल्के कपड़ों का चयन करें क्योंकि ये आपके शरीर को भारी दिखा सकते हैं।

प्रिंट्स पर ध्यान दें

प्रिंटेड साड़ियों का चुनाव करते समय छोटे प्रिंट्स वाली साड़ियां लें क्योंकि बड़े प्रिंट्स आपको मोटा दिखा सकते हैं।

वर्टिकल स्ट्राइप्स वाली साड़ियां भी अच्छा विकल्प होती हैं क्योंकि वे लंबाई बढ़ाकर आपको पतला दिखाती हैं।

फ्लोरल या ज्योमेट्रिक पैटर्न वाली छोटी प्रिंट्स वाली साड़ियां ट्राई कर सकती हैं।

इस तरह से आप बिना किसी अतिरिक्त मेहनत के अपनी पसंदीदा साड़ी पहनकर भी स्लिम और आकर्षक नजर आ सकती हैं।

सही ब्लाउज का चयन करें

ब्लाउज का सही चयन भी आपको स्लिम लुक देने में मदद कर सकता है।

फिटेड ब्लाउज पहनें, जो आपकी कमर को उभार दे और छाती के आकार को संतुलित रखे।

गहरे रंगों के ब्लाउज चुनें क्योंकि ये आपके ऊपरी हिस्से को पतला दिखाते हैं। अगर आपका पेट थोड़ा बाहर निकलता है तो हाई नेक या फुल स्लीव्स वाले ब्लाउज आजमाएं, जो आपके लुक को आकर्षक और संतुलित बनाते हैं। इ

ऐसे ब्लाउज से आप आत्मविश्वास से भरी नजर आएंगी।

पल्लू ड्रेपिंग स्टाइल बदलें

पल्लू ड्रेपिंग स्टाइल आपके लुक को खास बनाने में अहम भूमिका निभाता है।

पल्लू को ढीला छोड़ने के बजाय इसे कंधे पर कसकर पिन करें ताकि यह आपकी शरीर की रेखाओं को उभार सके।

इससे न केवल आपका पेट छुप जाएगा बल्कि कमर भी पतली लगेगी। साथ ही पल्लू की चौड़ाई कम रखें ताकि यह ज्यादा जगह न घेरे और आपके लुक को संतुलित बनाए रखे।

इस तरह की ड्रेपिंग से आप स्लिम और आकर्षक नजर आएंगी।

बेल्ट का उपयोग करें

बेल्ट एक ऐसी एक्सेसरीज है, जो आपकी कमर को उभारने और आपके लुक को खास बनाने में मदद करती है।

बेल्ट लगाने से कमर पतली दिखती है और यह आपके पूरे लुक में नया अंदाज जोड़ती है।

बेल्ट का रंग साड़ी से मेल खाता हो तो यह ज्यादा ध्यान आकर्षित नहीं करता, जिससे आपका लुक संतुलित रहता है।

सही तरीके से बेल्ट का उपयोग आपके साड़ी पहनने के अनुभव को और भी खास बना सकता है।

फिल्म नादानियां का पहला गाना इश्क में जारी खुशी-इब्राहिम की दिखी खूबसूरत केमिस्ट्री



अभिनेता सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। वह कुछ समय से अपनी पहली फिल्म नादानियां को लेकर चर्चा में हैं।

इस फिल्म में इब्राहिम की जोड़ी जाह्नवी कपूर की बहन और अभिनेत्री खुशी कपूर के साथ बनी है। आर्चीज और लवयापा के बाद यह उनके करियर की तीसरी फिल्म है।

अब नादानियां का पहला गाना इश्क में रिलीज हो गया है, जिसमें खुशी-इब्राहिम की खूबसूरत केमिस्ट्री दिख रही है।

इश्क में गाने को सचेत टंडन, असीस कौर और सचिन-जिगर ने अपनी आवाज दी है, वहीं इसके बोल अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं।

फिल्म में इब्राहिम ने नोएडा के मध्यमवर्गीय परिवार के एक मेहनती लड़के का किरदार निभाया है, वहीं खुशी इसमें दिल्ली की हिम्मती लड़की पिया की भूमिका में होंगी।

शाउना गौतम ने इस फिल्म का निर्देशन किया है। यह फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी है।

हालांकि रिलीज की तारीख की घोषणा अभी नहीं की गई है, लेकिन नादानियां में खुशी ने दक्षिण दिल्ली की लड़की पिया का किरदार निभाया है, जबकि इब्राहिम ने नोएडा के एक मध्यम वर्ग के लड़के अर्जुन का किरदार निभाया है। कहानी इस बात पर आधारित है कि कैसे विपरीत दुनिया के ये दो व्यक्ति एक-दूसरे से मिलते हैं, जिससे प्यार और आत्म-खोज की एक अप्रत्याशित यात्रा शुरू होती है। नादानियां का निर्माण करण जौहर, अपूर्व मेहता, सोमेन मिश्रा ने धर्मेटिक एंटरटेनमेंट के तहत किया है। फिल्म में महिमा चौधरी, सुनील शेट्टी, दीया मिर्जा और जुगल हंसराज भी हैं। एक आधिकारिक बयान में, नादानियां के निर्माताओं ने साझा किया कि फिल्म आधुनिक रोमांस पर एक नया नज़रिया पेश करती है। उन्होंने कहा, हम इस कहानी को नेटफ्लिक्स पर देखने के लिए उत्साहित हैं, जहाँ दुनिया भर के दर्शक पहले प्यार की ऊर्जा का अनुभव कर सकते हैं। प्रशंसक इब्राहिम अली खान को स्क्रीन पर अपनी शुरुआत करते हुए और खुशी कपूर के साथ उनकी नई जोड़ी को भी देखेंगे ङ्क और हम इस आधुनिक प्रेम कहानी को सभी के साथ साझा करने का इंतज़ार नहीं कर सकते। बता दें कि नादानियां जल्द ही नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी।

पपीता ही नहीं इसके बीज खाने के भी हैं ये कमाल के फायदे

पपीते का सेवन करना न केवल पाचन तंत्र के लिए फायदेमंद है, बल्कि रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, त्वचा में निखारने और वजन कम करने में भी मदद करता है. लेकिन पपीता खाने के बाद लोग इसके बीजों को कूड़ा समझकर फेंक देते हैं. पपीते के बीज औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं और सेहत के लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकते हैं. पपीते के बीजों में एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन, मिनरल्स और विटामिन मौजूद होते हैं, जो शरीर को डिटॉक्स करने के साथ-साथ कई स्वास्थ्य समस्याओं से राहत दिलाने में मदद करते हैं. आज हम आपको पपीते के बीज के फायदे और उनका इस्तेमाल कैसे करें के बारे में बताएंगे.

पपीते के बीज के फायदे-

1. पपीते के बीज का सेवन करने से लीवर और किडनी को डिटॉक्सीफाई करने में मदद मिल सकती है. ये शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में सहायक होते हैं.

2. पपीते के बीजों में पपेन नामक एंजाइम पाया जाता है, जो

पाचन में मदद करता है. ये पेट के कीड़ों को खत्म करने और कब्ज से राहत दिलाने में भी कारगर होता हैं.

3. पपीते के बीज में ओमेगा-3 फैटी एसिड पाया जाता है, जो शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करके दिल को स्वस्थ रखने में मदद करता है.

4. पपीते के बीज में भरपूर मात्रा में फाइबर पाया जाता है, जो भूख को नियंत्रित करने में मदद करता है, जिससे वजन में सहायता मिलती है. साथ ही वजन को नियंत्रित करने में भी मदद करता है.

5. इसके अलावा पपीते के बीज में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट शरीर की रेसिस्टेंस केपिसिटी को बढ़ाने में मदद करते हैं, जिससे बीमारियों का खतरा कम हो जाता है.

ऐसे करें पपीते के बीज का इस्तेमाल-

1. आप पपीते के बीजों को सलाद में डालकर खा सकते हैं. ये सेहत के लिए फायदेमंद होते हैं. इसके लिए आपको पपीते के बीजों को हल्का भून लेना है इसके बाद इन्हें सलाद में मिलाकर खा सकते हैं.

2. पपीते के बीज का स्वाद कड़वा होता है. ऐसे में आप इन्हें शहद के साथ मिलाकर खा सकते हैं

3. पपीते के बीजों का सेवन करने से शरीर को डिटॉक्स करने में मदद मिलती है. अगर आप भी शरीर को डिटॉक्स करना चाहते हैं तो पानी में कुछ बीजों को पानी में उबालकर कर पिएं. ऐसा करने से शरीर को डिटॉक्स करने में मदद मिलेगी.

स्टाइलिश गाउन पहन सुरभि चंदना ने शेयर किया हॉट लुक

सुरभि चंदना आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वो बेहद ही ग्लैमरस और हॉट नजर आ रही हैं।

टीवी की जानी-मानी एक्ट्रेस सुरभि चंदना हमेशा अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा करती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंटरनेट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक फोटोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने ऑरेंज कलर का बेहद ही स्टाइलिश गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। कानों में इयररिंग्स, खुले बाल और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस सुरभि चंदना ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

बता दें कि सुरभि चंदना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनका हर एक स्टाइल फॉलो करते हैं।

सलमान खान की फिल्म सिकंदर में शामिल हुईं वरुण धवन की भतीजी अंजिनी धवन, जताई खुशी

अभिनेता सलमान खान काफी समय से अपनी आगामी फिल्म सिकंदर को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की शूटिंग अपने आखिरी चरण में है।

इस फिल्म में सलमान की जोड़ी रश्मिका मंदाना के साथ बनी है। यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। प्रतीक बब्बर और सत्यराज जैसे सितारे भी इस फिल्म में अभिनय करते नजर आएंगे। अब सिकंदर की स्टार कास्ट में वरुण धवन की भतीजी और अभिनेत्री अंजिनी धवन शामिल हो गई हैं। पिछले काफी समय से खबर आ रही थी कि निर्माताओं ने फिल्म में अहम भूमिका निभाने के लिए अंजिनी से संपर्क किया था। अब आखिरकार वह फिल्म की स्टारकास्ट में शामिल हो गई हैं। अंजिनी ने खुद इसकी पुष्टि की। अंजिनी ने कहा, मैं इससे ज्यादा आभारी नहीं हो सकती। जब भी मैं सिकंदर के सेट पर जाती हूं, तो मुझे भरोसा नहीं होता। हर एक दिन एक सपने जैसा लगता है। अंजिनी ने सलमान की तारीफ की और कहा, मैं उनकी सबसे बड़ी प्रशंसक बन गई हूं। मुझे उनकी फिल्में बहुत पसंद है। मुझझे शादी करोगी और पार्टनर जैसी उनकी फिल्में मेरी पसंदीदा फिल्में हैं। जब भी मेरा दिन खराब होता है, तो मैं सिर्फ पार्टनर देखती हूं और मैं बेहतर महसूस करती हूं। इसलिए सलमान के साथ काम करना एक सपने जैसा लगता है। अंजिनी ने पिछले साल आई फिल्म बिग्री एंड फैमिली के जरिए बॉलीवुड में डेब्यू किया था।

सिकंदर के निर्देशन की कमान आमिर खान की फिल्म गजनी का निर्देशन कर चुके एआर मुरुगादॉस ने संभाली है। साजिद नाडियाडवाला फिल्म के निर्माता हैं। इस फिल्म को ईद, 2025 के मौके पर रिलीज किया जाएगा। फिल्म का टीजर पहले ही रिलीज हो चुका है।

शब्द सामर्थ्य -318

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जीत, फतेह 3. राशन सामान बेचने वाली एक जाति, वैश्य 6. मुर्गी की जाति की एक पक्षी, आधा... आधा बटेर 7. कमल, पंकज, भारत के एक दिवंगत प्रधानमंत्री का नाम 8. नहाने का स्थान, स्नानागार 10. ख्वाब, स्वप्न 12. बुलावा, निमंत्रण 14. तबाही, बर्बादी 17. कत्ल, वध 18. क्षतिपूर्ति, मुआवजा 19. करार, चैन, आराम 21. दृष्टि, निगाह 23. नाश करने योग्य 24. लाडला, प्यारा 25. सीताजी, जनकनंदनी।

ऊपर से नीचे

1. शादी, ब्याह 2. अनाथ, निराश्रित 3. साल, वर्ष 4. दोस्ताना, यारी 5. सूर, देव, भगवान 9. मनुष्य, इंसान, आदमी 11. पाटा जाना, चुकता करना, बात तय करना 12. कार्यक्षेत्र, गोल घेरा, खुत्त 13. अधीनता, मातहती, अधिकार 15. नगर 16. गैरजरूरी 20. दृष्टांत, सूपुर्दगी, उदाहरण 22. धरती, भूतल, धरातल।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 317 का हल

अं	त		म	री	ज			
ग	ह	न	ता		ब	र	ब	स
	की		धि	क्का	र		र	मा
	का		का		द	वा	खा	ना
प	त	वा	र		स्त	र		
ह						दा	मि	नी
ना		ए	ह	ति	या	त		ल्लां
वा	च	क		हा			खू	ब
		ता	ब	ड़	तो	ड़		र

सैफ अली खान की ज्वेल थीफ का टीजर आउट

सैफ अली खान और जयदीप अहलावत पहली बार नेटफ्लिक्स की ज्वेल थीफ- द हीस्ट बिगिन्स में स्क्रीन स्पेस शेयर करते नजर आएंगे. मेकर्स ने सोमवार को नेक्स्ट ऑन नेटफ्लिक्स इवेंट के हिस्से के रूप में फिल्म का टीजर जारी किया, जहां स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने 2025 के लिए अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की लिस्ट भी अनाउंस कर दी. पठान, वॉर और फाइटर जैसी एक्शन से भरपूर ब्लॉकबस्टर फिल्मों के पहचाने जाने वाले डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद ने इसे बनाया है. यह फिल्म धोखे, रहस्य और एक्शन से भरपूर एक हाई-स्टेक थ्रिलर होने का वादा करती है. टीजर में जयदीप को एक पावरफुल क्रिमिनल के रूप में पेश किया गया है।

कलेक्टर कोरिया की बड़ी कार्यवाही

जल जीवन मिशन की धीमी प्रगति पर प्रशासन की सख्ती, 6 ठेकेदारों पर कार्यवाही

कोरिया बैकुंठपुर। जिले में जल जीवन मिशन योजना की धीमी प्रगति पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है। जिला कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की अध्यक्षता में 17 जनवरी 2025 को हुई समीक्षा बैठक में कार्यों की गति असंतोषजनक पाई गई। इस पर 06 ठेकेदारों को अनुबंध की धारा 3 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था।

निर्धारित 10 दिनों की समय- सीमा में कार्य पूर्ण न करने के कारण मेसर्स मुकेश जायसवाल, खड़गवां के अनुबंध क्रमांक 02 डीएल/2021-22, 03 डीएल/2021-22, 04 डीएल/2021-22, 05 डीएल/2021-22 को निरस्त करने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा, मेसर्स संजय गुप्ता (बैकुण्ठपुर), मेसर्स सुनील कुमार त्रिपाठी (मनेन्द्रगढ़), मेसर्स रामानुजम बिल्डकॉन (पटना, बिहार), मेसर्स संगीता यादव (अंबिकापुर) और मेसर्स राजकिशोर सिंह (बैकुण्ठपुर) को अनुबंध की धारा 2 के तहत समयानुपातिक प्रगति न देने के कारण अगली देय राशि में 6 प्रतिशत राशि रोक कर भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, ठेकेदारों के देयकों से क्रमशः 1.36 लाख रुपए, 0.87 लाख रुपये, 0.26 लाख रुपए 0.49 लाख रुपये, वएवं 0.80 लाख रुपए की अर्थदंड राशि वसूलने के आदेश दिए गए हैं। इस संबंध में कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, कोरिया को निर्देशित किया गया है कि वे इन आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी और लापरवाह ठेकेदारों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

अमित पांडे, अब्दुल इसार, वाहिद खान को 6 वर्षों के लिए पार्टी से निष्कासित

कोरिया बैकुंठपुर। नगर पंचायत पटना में होने वाले अध्यक्ष एवं पार्षद पद के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों के खिलाफ निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में खड़े होने पर आज जिला कांग्रेस कमेटी ने कड़ा रूप अपनाया है। कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने अनुशासनहीनता के आरोप में रियाज कुरेशी की पत्नी श्रीमती रैमुन कुरेशी, अमित पांडे,अब्दुल इसार इशु,और वाहिद खान की पत्नी श्रीमती नसीम वाहिद बानो को कांग्रेस पार्टी की प्राथमिकता सदस्यता से 6 वर्षों के लिए निष्कासित करने का आदेश जारी किया है। कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष ने बताया कि पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ना कांग्रेस के नियमों और सिद्धांतों का उल्लंघन है द्य इसे अनुशासनहीनता मानते हुए कड़ी कार्रवाई की गई है। यह निष्कासन तत्काल प्रभाव से लागू होगा द्य नगर पंचायत चुनाव में अनुशासन बनाए रखने और पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों को समर्थन देने के लिए यह कार्यवाही की गई है। कांग्रेस संगठन ने अपने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे पार्टी अनुशासन का पालन करें और अधिकृत प्रत्याशियों को जिताने में सहयोग करें।

कांग्रेस ने जारी किया जन घोषणा पत्र, नगर निकाय चुनावों के लिए किए बड़े वादे जो होंगे पूरे

चिरमिरी। कांग्रेस ने नगर निकाय चुनावों के मद्देनजर अपना जन घोषणा पत्र जारी कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर पुरे प्रदेश सहित नगर निगम चिरमिरी में भी नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी पूर्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल एवं प्रदेश प्रभारी श्रीमती जरिता लैतफलांग,पूर्व विधायक डॉ.विनय जायसवाल, पूर्व महापौर कंचन जायसवाल, प्रदेश सचिव सुभाष कश्यप सहित ब्लाक कांग्रेस कमेटी के समस्त प्रकोष्ठ के पदाधिकारीयों ने प्रेस वार्ता कर घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि यह घोषणा पत्र जनता की समस्याओं और जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है ।

प्रदेश भर के सभी जिलों में यह घोषणा पत्र एक साथ जारी किया गया, जिसमें कांग्रेस ने महिला सुरक्षा, शहरी विकास, युवाओं को रोजगार, गरीबों के कल्याण और प्रशासनिक पारदर्शिता को मुख्य प्राथमिकता दी है ।

घोषणा पत्र की प्रमुख बातें

तालाबों का संरक्षण और सौंदर्गीकरण, घाटों पर महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम । महिला सुरक्षा के लिए चौक-चौराहों व स्कूल-कॉलेजों के पास सीसीटीवी कैमरे लगेंगे । ऑटो और ई-रिक्शा के लिए पार्किंग और चार्जिंग सुविधा । नगरीय निकाय कर्मचारियों को नियमित करने के प्रयास । प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए निःशुल्क लाइब्रेरी की स्थापना। पेंशन योजनाओं में वृद्ध, दिव्यांग व निराश्रितों को पात्रतानुसार लाभ। सार्वजनिक स्थलों पर मुफ्त वाई-फाई सुविधा। घर बैठे ऑनलाइन बिल भुगतान और प्रमाणपत्रों की होम डिलीवरी। युवाओं के लिए यूथ हब की स्थापना, महिला स्वसहायता समूहों को रोजगार के अवसर। स्कूली छात्राओं को मुफ्त सेनेटरी नेपकिन की सुविधा। नगर निगमों में पत्रकारों के लिए हाईटेक रेस्ट रूम की व्यवस्था। नगरों को आवारा पशुओं से मुक्त करने के लिए विशेष अभियान । पूर्व विधायक एवं महापौर प्रत्यासी डॉ.विनय जायसवाल ने कहा कि उनकी सरकार जनता के प्रति जवाबदेह रहेगी और नगर निकायों में पारदर्शी शासन सुनिश्चित किया जाएगा । उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस की सरकार बनने पर ये सभी वादे प्राथमिकता के साथ पूरे किए जाएंगे।

नशीली टेबलेट के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर। आजाद चौक पुलिस ने भोईपारा सुलभ के पास दबिश देकर एक्टिवा सवार युवक के पास से 22 पत्ता नशीली टेबलेट जब्त किया है। आजाद चौक पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि भोईपारा सुलभ के पास एक्टिवा सवार युवक नशीली टेबलेट को खपाने के लिए ग्राहक तलाश रहे है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी शशांक पांडे 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 पीबी 4311 व 22 पत्ता नाइट्रोजन टेबलेट जब्त किया है।

ईवीएम प्रदर्शन कर मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

कोरिया बैकुंठपुर। नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर नगर पंचायत पटना के सभी चुनावी बूथ पर ईवीएम मशीन का प्रदर्शन व प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। नगरीय निकाय निर्वाचन की तैयारियों को लेकर सभी चुनावी बूथ पर ईवीएम मशीन का प्रदर्शन व प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। नगर पंचायत पटना के इन वार्डो लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, डॉ अब्दुल कलाम वार्ड, मदन मोहन मालवीय वार्ड, नगर पंचायत कार्यालय सहित विभिन्न वार्डों में ईवीएम का प्रदर्शन कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। आम मतदाताओं ने ईवीएम मशीन द्वारा वोट डालने का नमूना देखकर अधिकारियों से जानकारी भी लेते रहें और अधिकारियों द्वारा बारीकी से जानकारी भी दे रहे हैं। अधिकारियों द्वारा आम लोगों को ईवीएम के प्रति फैली भ्रांति और अफवाहों को दूर भी किया जा रहा है।

प्रेमी ने की प्रेमिका की हत्या, गिरफ्तार

रायपुर। शादी का दबाव बनाने पर प्रेमी ने प्रेमिका को मौत के घाट उतार दिया। मामले में सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका रचना सोना 27 वर्ष उत्कल बस्ती सरस्वती नगर की रहने वाली थी। बताया जाता है कि आरोपी विवेक सेंद्रे 22 वर्ष से मृतिका का प्रेम प्रसंग था। जिससे मृतिका आरोपी से शादी के लिए दबाव बना रही थी।

अटल विश्वास पत्र जनता की आकांक्षाओं और भाजपा के सेवा भाव का प्रतीक :जायसवाल

कोरिया बैकुंठपुर। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय बैकुंठपुर में प्रेसवार्ता आयोजित की गई । अटल विश्वास पत्र पर प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के कोरिया जिला प्रभारी कृष्ण बिहारी जायसवाल ने कहा कि अटल विश्वास पत्र नगरीय निकाय क्षेत्र के भविष्य को तय करने का संकल्प है। आने वाले समय में नगरीय निकाय क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा जो काम करने वाली है, वह अटल विश्वास पत्र के रूप में हमारे सामने है। जिस तरह से पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस की सरकार में पूरे प्रदेश में अराजकता थी, भ्रष्टाचार था, उसके चलते कांग्रेस की सरकार छत्तीसगढ़ की जनता का विश्वास खो चुकी थी। कांग्रेस ने प्रदेश के हर वर्ग के साथ कांग्रेस की सरकार ने छलावा किया था। इसलिए 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर जनता ने विश्वास करते हुए एक बड़ा देश जनादेश भाजप को दिया। मोदी की गारंटी के अधिकांश वादों को पूरा करने का काम प्रदेश की भाजपा सरकार ने किया है। 3100 रु. प्रति क्विंटल धान की खरीदी 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी , महिलाओं के सशक्तीकरण की दृष्टि से महतारी वंदन योजना के तहत ?1000 प्रति माह 70 लाख से अधिक माताओं-बहनों को दिया जा रहा है। रामलला दर्शन योजना में 23 हजार से ज्यादा लोगों ने रामलला के दर्शन कर चुके हैं। आदिवासी बहुल बस्तर और सरगुजा संभाग में तेंदूपत्ता संग्रहण का मानदेय भी 4000 प्रति मानक बोरा से बढ़ाकर 5500 रु. देना प्रारंभ कर दिया। पीएससी घोटाले की जांच सीबीआई कर रही है। प्रदेश के कृषि मजदूरों को दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूरों 5.62 लाख से ज्यादा लोगों को ?10 हजार सालाना दिया जा रहा है।

प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कृष्ण बिहारी जायसवाल ने बताया की अटल जी का जन्म शताब्दी वर्ष है, इसलिए इस वर्ष को अटल निर्माण वर्ष के रूप में घोषित किया है। अटल विश्वास पत्र में जो भी वादा सरकार ने किया है, वह शत-प्रतिशत पूरा होगा।

आसन्न नगरीय निकाय चुनाव की दृष्टि से स्थानीय निकायों के विकास की दृष्टि से, सुशासन की दृष्टि से भाजपा का घोषणा पत्र अटल विश्वास पत्र के नाम से प्रदेश को समर्पित किया जा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी जी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया गया और पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल में छत्तीसगढ़ का चहुँमुखी विकास किया। श्री जायसवाल ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि

विगत 5 वर्षों के कांग्रेस शासनकाल में नगरीय निकाय क्षेत्र विकास से शून्य हो गये हैं, विकास ठप रहा, प्रदेश सरकार से लेकर स्थानीय निकायों तक कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने जन-धन की लूट मचाई, भ्रष्टाचार और घोटाले करके छत्तीसगढ़ को 10, जनपथ का एटीएम बना दिया गया था। भाजपा नगरीय निकायों को भ्रष्टाचार मुक्त समृद्ध और विकासशील बनाने के संकल्प और योजनाओं के साथ पूरे छत्तीसगढ़ में जनता के समक्ष प्रस्तुत है। आम जनता से सुझाव संग्रहण अभियान% चलाया, जिसमें जनता से उनके सुझाव और अपेक्षाएं मांगी गईं। हमें हज़ारो सुझाव प्राप्त हुए,यह अटल विश्वाश पत्र जनता की आकांक्षाओं और हमारी पार्टी के सेवा भाव का प्रतीक है।

जनता का विश्वास, हमारा विजन, भाजपा वादे नहीं इरादे लेकर आती है,

अटल विश्वाश पत्र बाबत आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कोरिया भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा की इस बार जनता हमारे विजन को देखेगी और कांग्रेस को हर स्तर पर सत्ता से बाहर करने का संकल्प लेगी। हमने हर वादा पूरा करने का प्रयास किया है, और अब जनता का साथ लेकर कांग्रेस के भ्रष्टाचार को छत्तीसगढ़ से पूरी तरह खत्म करेंगे। जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने कहा की अटल जी ने कहा था, मैं यहाँ वादे लेकर नहीं, इरादे लेकर आया हूँ और हमारे इरादे ही हमें जनता की सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ाते हैं। यही कारण है कि बीजेपी का यह घोषणापत्र जनता के सुझावों और जरूरतों पर आधारित है—यह केवल एक दस्तावेज़ नहीं, बल्कि जनता के लिए, जनता द्वारा और जनता की सेवा में बनाया गया रोडमैप है। कांग्रेस के कुशासन और भ्रष्टाचार से मुक्ति का यह समय है, और इस बार भी छत्तीसगढ़ की जनता का फैसला स्पष्ट होगा। श्री तिवारी ने कहा की मोदी जी ने कहा था, भाजपा की गारंटी, मतलब गारंटी पूरी होने की भी गारंटी हम अपनी गारंटी को पूरी तरह निभाकर जनता के विश्वास को और मजबूत करेंगे और नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में बहुमत की जीत दर्ज करेंगे ।

तत्पश्चात त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के कोरिया जिला प्रभारी व निवर्तमान भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने नगरीय निकाय चुनाव - 2025 हेतु भारतीय जनता पार्टी द्वारा जारी अटल विश्वास पत्र 20 प्रमुख बिंदु को पत्रकार जनों को अवगत कराया 1. - नजूल भूमि के स्वामित्व के लिए नया कानून बनाएंगे। साथ ही, हम सभी पट्टा धारकों को भू- स्वामी बनाएंगे। 2. - रुके हुए पीएम आवास-शहरी परियोजनाओं को, और वर्तमान में स्वीकृत हुए 3 लाख (क्कद्व)- घरों को तेजी से पूरा करेंगे। इसके साथ ही, जो बिजली बिल और समेकित कर पटाते है, उन्हें आवास बनाने की पात्रता दी जाएगी ।3. - महिलाओं के नाम पर दर्ज संपत्तियों पर प्रॉपर्टी कर में 25त्न की विशेष छूट प्रदान करेंगे। प्रत्येक माह की 7 तारीख से पहले संपत्ति कर का भुगतान करने वालों को 10त्न की विशेष छूट प्रदान करेंगे। 4. - प्रत्येक नगर निगम में %महापौर सम्मान निधि% की स्थापना करेंगे, जिसके तहत यू.पी.एस.सी. मुख्य परीक्षा (ह्यद्धद्) उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को ?1 लाख की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी ।5. - प्रत्येक नगर निकाय के व्यावसायिक केंद्रों में बिजली, सड़क, शौचालय, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की समुचित व्यवस्था करेंगे। 6. - बाजार क्षेत्रों में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट की सुविधाओं का विस्तार करेंगे, ताकि उन्हें साफ, सुरक्षित और सुविधाजनक शौचालय मिल सके। 7. - विद्यालयों और महाविद्यालयों में मुफ्त वाई-फाई की सुविधा सुनिश्चित करेंगे। 8. - स्ट्रीट वेंडर्स के सहयोग के लिए पीएम स्वनिधि के माध्यम से ?30,000 की वित्तीय सहायता प्रदान करेंगे। इसके साथ ही, हम स्मार्ट वेंडिंग ज़ोन, फूड स्ट्रीट्स की स्थापना करेंगे और एक समुचित नीति बनाएंगे, जिससे सड़क व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। 9. - समाधान योजना के माध्यम से हम बिना जुर्माना या ब्याज लगाए पुराने संपत्ति कर के लिए एकमुश्त निपटान प्रदान करेंगे। 10. - विद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्राओं के लिए फ्री सैनिटरी नैपकिन की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। 11. - स्वयं-सहायता समूहों (स्॥त्रद्य) के लिए हर नगर निगम में बर्तन बैंक की स्थापना करेंगे। इसके साथ ही महतारी वंदन योजना के स्॥त्र लाभार्थियों को 2.5 लाख तक का ऋण और मुफ्त प्रशिक्षण प्रदान करेंगे, ताकि वे आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बने। 12. - यूजर चार्ज का युक्त युक्तिकरण करेंगे। 13. - स्वच्छ और स्वस्थ छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए हर घर में कचरा बाल्टी मुहैया कराएंगे और स्मार्ट वेस्ट मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से कचरा संग्रहण मार्गों की ट्रैकिंग करेंगे। 14. - माई सिटी ऐप% लॉन्च करेंगे, जो नगर निगम की सभी ऑनलाइन सेवाओं को सुनिश्चित करेगा। हम हर ज़ोन में एक एकीकृत सेवा केंद्र स्थापित करेंगे ताकि लोगों को बार बार निगम दफ्तर नहीं जाना पड़े। 15. - हर घर तक स्वच्छ पानी पहुंचाने के लिए नल से जल की व्यवस्था को बेहतर करेंगे, नए जल टैंक बनाएंगे और पुराने कुओं का संरक्षण और पुनरुद्धार करेंगे। 16. - छत्तीसगढ़ को सिकल सेल एनीमिया मुक्त प्रदेश बनाएंगे, जिसके तहत निगम क्षेत्रों में स्क्रीनिंग केंद्र स्थापित करेंगे और सभी मरीज़ों को सिकल सेल एनीमिया पहचान पत्र जारी करेंगे। 17. - प्रत्येक तालाब के लिए प्रभावी प्रणाली स्थापित करेंगे और इसे एस.टी.पी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) से जोड़ेंगे ताकि तालाबों की स्वच्छता हो सके। 18. - %गोकुल नगर% का विस्तार करेंगे, ताकि गोवंश संरक्षण, उनकी देखभाल और आवास के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके। 19. - शहरों में शासकीय जगहों पर कार और दोपहिया वाहनों के लिए व्यवस्थित पार्किंग का निर्माण करेंगे, जिससे यातायात पार्किंग की समस्याओं और जाम का समाधान सुनिश्चित होगा। 20. - प्रमुख नगर निकाय में नालंदा परिसर पर आधारित सार्वजनिक अध्ययन केंद्र शुरू करेंगे और पुस्तकालयों में सीटों की संख्या भी बढ़ाएंगे। अटल विश्वाश पत्र बाबत प्रेसवार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी, निवर्तमान भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह ,जिला महामंत्री पंकज गुप्ता, चरचा नगर पालिका परिषद अरुण जायसवाल,जिला मीडिया प्रभारी अजीत पाटकर सह मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े उपस्थित रहे।



पांच दिवसीय योग शिविर संपन्न करीब 4 हजार लोगों ने उठाया लाभ

कोरिया बैकुंठपुर। संचालनालय आयुष रायपुर के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिला आयुष कार्यालय कोरिया द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं योगा वेलनेस सेंटर में पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 27 जनवरी से 05 फरवरी 2025 तक दो चरणों में विभिन्न ग्रामों में आयोजित हुआ, जिसमें 408 महिलाएं, 750 पुरुष, 1,831 बालक और 931 बालिकाओं सहित कुल 3,920 लोगों ने भाग लिया। योग शिविर का आयोजन बैकुण्ठपुर, सरभोका, उमझर, मनसुख, कटगोडी, चेर, कुडेली, नगर, खालपारा, नवगई, बरपारा, भैंसवार, मागंवा, बुढार, बांधपारा, दुर्गापुर, देवानीबांध और आनंदपुर सहित विभिन्न ग्रामों में किया गया। साथ ही, जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर में स्थित योगा वेलनेस सेंटर में भी शिविर आयोजित हुआ। योग प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को ताड़ासन, वृक्षासन, पश्चिमोत्तासन, मंडूकासन, वज्रासन, शशकासन, भुजंगासन, सर्वांगासन, अर्धचक्रासन, सिंहासन, हास्यासन और सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योगासन सिखाए। इसके अलावा, अनुलोम-विलोम, भ्रस्त्रिका, कपालभाति, भ्रामरी प्राणायाम आदि का अभ्यास कराया गया। मंत्र चिकित्सा के तहत बच्चों को मंत्रोच्चारण और ध्यान का प्रशिक्षण दिया गया, जिससे उनकी एकाग्रता, स्मरण शक्ति और मानसिक क्षमता में वृद्धि हो सके। शिविर के दौरान मधुमेह, उच्च रक्तचाप, मोटापा, अनिद्रा, मानसिक तनाव जैसी लाइफस्टाइल जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु विशेष सत्र आयोजित किए गए। प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवनशैली, सही खानपान और योग के लाभों की जानकारी दी गई। योग सत्र के बाद, प्रतिभागियों को अंकुरित चना, हरी मूंग, मूंगफली, आयुष काढ़ा, गुड़ और फल वितरित किए गए, ताकि वे पोषणयुक्त आहार से स्वस्थ रह सकें। जिला आयुष अधिकारी डॉ एल्विना ग्रेस टोप्पो ने जानकारी दी है कि सभी स्कूलों और आश्रमों में नियमित रूप से योगाभ्यास प्रारंभ है साथ ही, योगा वेलनेस सेंटर में भी नियमित योग कक्षाएं जारी रहेंगी, जिससे नागरिकों को निरोगी जीवन शैली अपनाने में मदद मिलेगी। जिला आयुष अधिकारी डॉ. एल्विना ग्रेस टोप्पो ने बताया कि योग केवल शारीरिक नहीं बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए भी जरूरी है। प्रशासन का प्रयास रहेगा कि अधिक से अधिक लोग योग से जुड़ें और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं।

काम करने वाले व्यक्ति को पद की जरुरत नहीं. डॉ.विनय को संगठन ने टिकट दिया: डॉ.महंत

भाजपा की कद्दावर नेत्री श्रीमती रेशम त्रिपाठी सहित कही भाजपा कार्यकर्ताओं गमछा पहना कर कांग्रेस में किया सामिल

हमारे कार्यो को फीता काट कर वाहवाही लेने वाले 14 महीने का हिसाब दें.

चिरमिरी के आम जन को एसईसीएल की नोटिस से डरने की जरुरत. नहीं अभी आपका डॉ. विनय जिन्दा.

चिरमिरी। नगरीय निकाय चुनाव के मतदान के दिन जैसे जैसे करीब आ रहे वैसे वैसे. बड़े नेताओं का उड़न खटोला शहर में उतारता दिख रहा है । जिसको लेकर सत्ता में काबिज भाजपा सरकार अपनी पूरी ताकत झोक रही है तो वही विपक्ष की भूमिका में कांग्रेस भी अपनी पूरी ताकत लगाती दिख रही है । प्रदेश के दस नगर निगमो में चिरमिरी नगर निगम में चुनाव का रंग चढ़ कर बोल रहा है । कांग्रेस की तरफ से नगर पालिक निगम चिरमिरी में महापौर पद के प्रत्यासी के रूप में मनेंद्रगढ़ के पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल को मैदान में उतारा तो वही राज्य के सत्ता में बैठी भाजपा ने शहर के वार्ड क्रमांक 40 में निवास रथ राम नरेश रॉय को मैदान में उतारा है । इसी तारतम्य में मंगलवार को कांग्रेस पार्टी के 40 पार्षदों एवं महापौर प्रत्यासी के प्रचार के साथ शहर की जनता से अपने पक्ष में वोट देने की अपील करने के लिये छत्तीसगढ़ राज्य के नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत, कोरबा लोक सभा की सांसद ज्योत्सना महंत.पूर्व केबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल,पूर्व विधायक गुलाब कमरों, अपने उड़न खटोले से नगर निगम चिरमिरी के लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम पहुचे जहाँ मौके पर उपस्थित पूर्व विधायक एवं महापौर प्रत्यासी डॉ. विनय जायसवाल, पूर्व महापौर कंचन जायसवाल, जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, सुभाष कश्यप, डमरू रेड्डी सहित कांग्रेस के सभी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ताओ ने उनका ग्रम जोशी से स्वागत करते हुए गोदरिपारा क्षेत्र से सड़क मार्ग होते हुए डोमनहिल से हल्दीबाड़ी के होटल अलवीना में पहुच कर विशाल जन सभा को संबोधित किया।

डॉ. चरण दास महंत ने अपने उद्बोधन में उपस्थित शहर वासियों को बताया की आपका ये डॉक्टर बहुत की कर्मण है यह आप लोगो की सेवा के लिए मुझे हमेश झगड़ा करता है । हम लोगों से जो गलती हुई उसका परिणाम आप सब के सामने है इस लिए इस बात पूर्व की गलती को सुधारने का छोटा प्रयास किया गया है आप सभी हमारे महापौर एवं पार्षद प्रत्यासियों को अपना मत दी जिए उसके बाद पूर्व की तरह फिर विकाश की बयार आप देखेंगे. मुझे सत्ता की सरकार का कार्यकाल आपको बताने की जरुरत नहीं हमारे किये हुए विकास कार्यो का फीता काट कर अपनी पीठ थपथपाने वाले अपने 14 माह के कार्यो को बताये. और हमे कुछ नहीं सुनना, कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल ने कहा की यह वही विनय है जिसने एसईसीएल ने नामो की छोटी गलती से उनकी नोकरी खाने वालो को चिरमिरी शहर से भगाने का एक बड़ा कार्य किया है आप लोगो को डरने की जरुत नहीं एसईसीएल द्वारा दी जा रही नोटिस से आप लोग घबराइये मत हमे विश्वास है विनय है तब तक आपका घर आपसे कोई नहीं छीन सकता. जो नेता पानी के लिए जीएम का पाईप काट सकता है वह आप लोगो का घर बचाने के लिए अपनी जान दे सकता है । कार्यक्रम को ज्योत्सना महंत, डॉक्टर विनय जायसवाल,पूर्व विधायक गुलाब कमरों ने भी संबोधित किया सभी ने 11 फ़रवरी को कांग्रेस् के पक्ष में वोट करने की अपील की और शहर में पुनः विकास करने की बात कही ।

मूलतः मैक्सिको के ड्रेगन फ्रूट की पैदावार अब छत्तीसगढ़ सहित गुजरात, महाराष्ट्र में हो रही है। कोरबा में भी यह लोगों के लिए उपलब्ध है। इसके एक नग की कीमत 150 रुपये है।

नदी में लापता युवकों की तलाश जारी

कोरबा। 3 फरवरी की सुबह 11 बजे से सीएसईबी पश्चिम क्षेत्र से नदी में लापता तीन युवकों का अब तक पता नहीं चल सका है। 72 घंटे से भी अधिक का समय गुजर जाने के बाद भी युवकों का कोई पता नहीं चलने से परिजन काफी चिंतित हैं। बताया जा रहा है कि लापता युवकों का कपड़ा, जूता, दोपहिया वाहन, मोबाइल लावारिस हालत में नदी किनारे मिला जिससे युवकों का नदी में डूब जाने की संभावना जताई जा रही है। उनकी तलाश के लिए प्रशिक्षण केंद्र परसदा बिलासपुर से आई एसडीआरएफ टीम नगर सेना के साथ अंडर वाटर स्कूबा डाइविंग नदी में ओवीएम मोटर बोट से लगातार रेस्क्यू कर रही है लेकिन समाचार लिखे जाने तक लापता युवकों का कुछ भी पता नहीं चल पाया है। फलस्वरूप टीम लगातार खोजबीन में जुटी हुई है।

राष्ट्र को रौशन कर रहा कोरबा, वायु प्रदूषण की बेड़ियों में जकड़ती सांसें

रोकथाम के सरकारी दावे केवल कागजों तक सिमटे

कोरबा। छत्तीसगढ़ का पावर हब और देश के प्रदूषित नगर के रूप में कोरबा की पहचान वर्षों से स्थापित है। कोरबा जिला समेत प्रदेश व देश के काफी हिस्से को अपनी बिजली से आलोकित कर रहे कोरबा में वायु प्रदूषण एक बड़ी समस्या बन गई है, इसे भुगत रहीं है नगर की जनता।

2600 मेगावाट बिजली उत्पादन करने वाली एनटीपीसी परियोजना, 1800 मेगावाट बिजली उत्पादन से जुड़ी हुई छत्तीसगढ़ बिजली उत्पादन कंपनी की दो परियोजनाओं के अलावा 1200 मेगावाट की बालको परियोजना व निजी क्षेत्र के और भी प्लांट कोरबा जिले में संचालित है जो बिजली उत्पादन के मामले में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। बिजली का उत्पादन करने के लिए सबसे अहम चीज जरुरी होती है वह है कोयला,जो साउथ ईस्टर्न कोलफील्डस लिमिटेड की माइंस से मिल रहा है। बिजली उत्पादन की प्रक्रिया में रोज कई लाख टन कोयला इन प्लांट्स में खपत होता है। बाद में उत्सर्जन होने वाली राख वायु प्रदूषण का कारण बन रही है। जन स्वास्थ्य पर इसका बेहद बुरा असर पड़ रहा है। औद्योगिक और ऊर्जा उत्पादन का केंद्र होने के कारण कोरबा वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। कोयला खदानों, थर्मल पावर प्लांट्स और भारी उद्योगों के कारण हवा में प्रदूषकों की मात्रा लगातार बढ़ रही है, जिससे जनता को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खुद चिकित्सा क्षेत्र के लोग बताते है कि कुछ ही वर्षों में श्वसन रोग से सम्बंधित मरीज जिले में बढ़े है।

प्रभावी कदम की जरूरत

पर्यावरण संरक्षण मंडल को सिर्फ नोटिस और पेनाल्टी तक सीमित न रहकर उद्योगों के उत्सर्जन पर सख्त निगरानी रखनी चाहिए। तकनीकी उपायों के क्रियान्वयन की जाँच नियमित रूप से होनी चाहिए।

निकलना होगा ढर्रे से

मौजूदा स्थिति से मुक्त होने के लिए उद्योग प्रबन्धन को स्वच्छ तकनीकों को अपनाया जाना बेहद आवश्यक हो गया है। उक्तानुसार उद्योगों को आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक प्रेसिपिटेटर्स, फ्लू गैस डिसालफ्यूरीगेशन और बेग फिल्टर्स जैसी तकनीकों को अपनाने के लिए बाध्य किया जाना चाहिए, जिससे हानिकारक उत्सर्जन कम हो सके।

जमीन पर दिखे ग्रीन बेल्ट

वायु प्रदूषण की खतरनाक समस्या से बाहर निकालने के लिए कारगर कदम उठाने की आवश्यकता है। ग्रीन बेल्ट और वृक्षारोपण, औद्योगिक क्षेत्रों के आसपास ग्रीन बेल्ट विकसित करना और बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण करना आवश्यक है। ऐसे कामकाज जमीन पर दिखना भी चाहिए ना कि केवल प्रचार प्रसार तक ही सीमित रहा जाए।

किडनी और फेफड़ों को नुकसान

वायु प्रदूषण की स्थिति वाले क्षेत्रों में कई प्रकार के खतरे स्वाभाविक हैं। इस तरह की हालत में जन स्वास्थ्य पर दुष्परिणाम हो सकते हैं। प्रदूषण से संबंधित फैक्टर के कारण लोगों के फेफड़े और किडनी को नुकसान हो सकता है। बचाव के लिए लोगों को मास्क का उपयोग करने के साथ अन्य साधन पर ध्यान देना चाहिए।

डॉ विशाल उपाध्याय, वरिष्ठ चिकित्सक

297 केंद्र में मतदाता डालेंगे वोट महापौर और पार्षद चुनने

267103 मतदाता पंजीकृत है निकाय क्षेत्र में

कोरबा। नगर पालिका निगम कोरबा क्षेत्र के लिए छठवीं पास चुनाव होने जा रहा है। 11 फरवरी को यहां 67 वार्ड में मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी। स्थानीय निर्वाचन विभाग के द्वारा की तैयारी कर ली गई है। अपना महापौर और पार्षद चुनने के लिए कोरबा निगम क्षेत्र में 297 पोलिंग बूथ स्थापित किए गए हैं। बाकोमोंगरा नगर पालिका क्षेत्र को अलग करने के बाद मौजूदा परिसीमन में 2,67,103 मतदाता नगर निगम कोरबा क्षेत्र में पंजीकृत है।

मतदान केंदो की पूरी संख्या में सामान्य से लेकर संवेदनशील और अति संवेदनशील श्रेणी के केंद्र शामिल है। कई प्रकार से सर्वेक्षण करने के साथ इन केंदो को कैटग्राइजड किया गया है। इसी हिसाब से यहां पर सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंध मतदान दिवस को प्रशासन और पुलिस की ओर से किए जाएंगे।

बताया गया है कि म्युनिसिपल कॉरपोरेशन कोरबा क्षेत्र के अंतर्गत महापौर पद के लिए कुल 11

उम्मीदवार मैदान में है जबकि 12 के द्वारा नामांकन दाखिल किए गए थे। नाम वापसी के दिन एक अभ्यर्थी ने अपना आवेदन पत्र वापस लिया है। इसी प्रकार से 67 वार्ड में पार्षद के 277 उम्मीदवार समर में है। जानकारी में बताया गया कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव संपन्न करने के लिए सभी तैयारियां की जा रही है। मतदान केदो में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं और इनका सर्वेक्षण कर लिया गया है। मतदान केदो में किसी भी प्रकार से मतदाताओं और पोलिंग पार्टी को मुश्किल पेश न आए इसके लिए आवश्यक प्रबंध किए जा रहे हैं। प्रशासन की ओर से बताया गया कि पोलिंग पार्टियों को अब तक विभिन्न चरण का प्रशिक्षण दिया जा चुका है और अंतिम रूप से अगली प्रक्रियाओं की पूर्ति कराई जा रही है।

शब्बीर बने प्रदेश महामंत्री

कोरबा। बिजली कर्मचारी संघ उत्पादन का अधिवेशन कल इरेक्टर हास्टल में आयोजित किया गया। जिसमें राघवेंद्र राठौर को प्रदेश अध्यक्ष व शब्बीर मेमन को महामंत्री बनाया गया है। इसके अलावा संदीप राठौर को प्रदेश कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया है। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सचिव आर.एस.जायसवाल, राष्ट्रीय मंत्री चंद्रशेखर दुबे, प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ, भामसं जिलाध्यक्ष अजय मिश्रा उपस्थित थे।

भाजपा ने लाभार्थी सम्मेलन में महिलाओं का किया सम्मान

कोरबा। भाजपा में लाभार्थी सम्मेलन कराने की जिम्मेदारी वैशाली रत्नपारखी को जिला प्रभारी बनाकर दिया गया है। उनके साथ प्रीति स्वर्णकार सहप्रभारी हैं। वार्डों में लाभार्थी सम्मेलन लगातार आयोजित हो रहे हैं और गमछा ओढ़ाकर महिलाओं का सम्मान किया जा रहा है। कल छुरी क्षेत्र में महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा अध्यक्ष पद की प्रत्याशी पद्मिनी देवांगन भी थीं। सभी कार्यक्रमों में वरिष्ठ नेत्री ज्योति वर्मा भी शामिल हो रही हैं। आज कोसाबाड़ी नगर मंडल में लाभार्थी सम्मेलन आयोजित किया गया है। बालको के 9 वार्डों में महिलाओं का सम्मान किया गया है।

कार्यकर्ताओं से मुख्यमंत्री मिले

कोरबा। कल प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कोरबा आगमन हुआ था। निहारिका क्षेत्र में एक आमसभा आयोजित की गई थी। आमसभा में युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता भी मौजूद थे। इनके द्वारा मुख्यमंत्री जिंदाबाद के नारे लगाए जा रहे थे। इन नारों से आमसभा में माहौल तैयार हो रहा था और जनता काफी खुश नजर आ रही थी। युवा मोर्चा के धनंजय चौहान, वैभव शर्मा, अंशु तिवारी, मोंटी पटेल, प्रमोद जांगड़े, सिद्धांत नारायण सोनी के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वापस लौटते समय इन युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं से मुलाकात भी की। इस मुलाकात के बाद से युवा मोर्चा कार्यकर्ता काफी खुश हैं। इन कार्यकर्ताओं का कहना है कि आने वाले दिनों में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सभी वार्डों में और सक्रियता के साथ काम करेंगे।

बलगी कालोनी में दवा का छिड़काव

कोरबा। एसईसीएल के बलगी कालोनी में साफ-सफाई की समस्या को प्रबंधन के सामने रखा गया था। वार्ता होने के बाद बलगी कालोनी में साफ-सफाई का कार्य तेजी के साथ हो रहा है और नालियों में दवाईयों का छिड़काव किया गया है। एसकेएमएस के द्वारा कालोनी की समस्या को प्रबंधन के सामने रखा गया था। ज्ञापन सौंपने के बाद प्रबंधन ने एसकेएमएस को वार्ता के लिए बुलाया। जिसमें एसकेएमएस के कार्यकर्ता मनीष सिंह, लखन साव व रामरतन ने बलगी के मुद्दे को जोर-शोर से उठाया और कहा कि कालोनी में सफाई नहीं होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है। बीमारी फैलने से रोकने के लिए दवा का छिड़काव काफी जरूरी हो गया है। प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि दो दिनों के भीतर साफ-सफाई कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

कामगारों से मुलाकात कर रहे केएसएस कार्यकर्ता

कोरबा। एसईसीएल क्षेत्र में सदस्यता अभियान जोर-शोर से चल रहा है। केएसएस के कार्यकर्ता विभागों में जाकर कोयला कामगारों से मुलाकात करते हुए सदस्य बना रहे हैं। कुसमुंडा क्षेत्र में केएसएस काफी मजबूत हुआ है। यहां पर केएसएस में सबसे अधिक सदस्य हैं। समार सिंह, सॉजी जॉन, प्रेमपाल सॉडिल्य, मोहम्मद सद्दाम विभागों में जाकर कोयला कामगारों से मुलाकात की और उन्हें संगठन में सदस्य बनाने का काम किया। कुसमुंडा में सबसे अधिक सक्रिय केएसएस को ही माना जाता है। इसका लाभ संगठन को मिल रहा है। गेवरा एरिया में भी जनाराम कर्ष के नेतृत्व में नीलांबर शर्मा भी प्रोजेक्ट में सक्रिय हैं। गेवरा प्रोजेक्ट में सबसे अधिक कोयला कामगार कार्यरत हैं। इन कामकारों को सभी पांच संगठनों की नजर लगी हुई है। नीलांबर शर्मा के साथ उनकी टीम संगठन को आगे ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। केंद्रीय कर्मशाला कोरबा पूर्व में डी.पी.सिंह व संतोष टंडन लगातार सक्रिय हैं। इसी तरह कोरबा एरिया में महामंत्री अनूप सरकार, प्रवीण रजक, नारायण, जी.राजेश, राजेश पिल्ले भी लगातार मेहनत कर रहे हैं। विभागों में जाने से कोयला कामगार केएसएस के कार्यकर्ताओं से उत्साह के साथ मुलाकात कर रहे हैं। केएसएस का कोरबा एरिया में अपना एक अलग प्रभाव है। अनूप सरकार के आने से सभी इकाईयों में कार्यकर्ता सक्रिय होकर काम कर रहे हैं। ठेका मजदूरों को भी अपने साथ जोड़ रहे हैं।

हरदेवा में लोनर ने फिर उतारा मवेशी को मौत के घाटा

कोरबा। वनमंडल कटघोरा के पसान रेंज में लोनर हाथी का आतंक जारी है। बीती रात इस हाथी ने यहां के सेमरहा बीट के हरदेवा गांव में आतंक मचाते हुए एक मवेशी को मार डाला तथा एक अन्य को घायल कर दिया। जिससे गांव में दहशत का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र में विचरण कर रहा यह लोनर हाथी आधी रात को गांव में घुसा और बुधवार सिंह नामक ग्रामीण के घर के पास बंधे दो मवेशियों पर हमला कर दिया जिससे एक मवेशी की जहां तत्काल मौत हो गई वहीं एक अन्य घायल हो गया जिसका उपचार किया जा रहा है। पीड़ित ग्रामीण द्वारा आज सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और हाथी के हमले में मृत मवेशी का पोस्टमार्टम करवाने के बाद जरूरी कार्यवाही की। इधर कोरबा वनमंडल के कुदमुरा रेंज में भी हाथी समस्या लगातार

बनी हुई है। यहां के कलमोटिकरा, कुदमुरा, चचिया व श्यांग परिसर में बड़ी संख्या में हाथी घूम रहे हैं जिससे ग्रामीणों को खतरा बना हुआ है। पसरखेत रेंज में मौजूद 6 हाथी कुदमुरा रेंज में प्रवेश कर 33 हाथियों के दल में शामिल हो गया है जिससे वहां सक्रिय हाथियों की संख्या 39 हो गई है जबकि श्यांग में 6 व चचिया में इतने ही हाथी पहले से सक्रिय हैं। कलमोटिकरा परिसर में एक लोनर हाथी अलग से विचरण कर रहा है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक हाथियों की निगरानी लगातार की जा रही है और हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। हाथियों की मौजूदगी वाले क्षेत्रों में लगातार मुनादी कराकर ग्रामीणों को सतर्क करने का काम जारी है। वन अमला लोगों से कह रहा है कि उनके क्षेत्र में बड़ी संख्या में हाथी घूम रहे हैं अतः सावधानी बरतें।

सकारात्मक विचारों वाली सभी महिलाएं देवी का अंश : राजकुमार

कोरबा। श्रीमद् देवी भागवत पुराण देवी महात्म्य देवी का दिव्य ज्ञान स्त्री की श्रेष्ठता पर बल देता है। श्रीमद् देवी भागवत पुराण के परायण से जीवन मोक्ष की ओर जाता है। श्रीमद् देवी भागवत। मां आदिशक्ति की सर्वोच्चता पर अच्छाई और बुराई, देवताओं और राक्षसों के बीच संघर्ष के सतत चक्र की महागाथा है। श्रीमद् देवी भागवत कथा पुराण के सातवें दिवस व्यासपीठ से पं. राजकुमार शर्मा ने देवी मां की शाश्वता और निरंतरता को लेकर कहा कि मां आदिशक्ति का कृपापात्र बनने के लिए भक्ति ही एक मात्र माध्यम हैं। मां जगदंबे के विभिन्न रूपों में से मां गंगा, मां सरस्वती और तुलसी भी है। देवी मां में शाश्वत सत्य, ब्रह्मांड के सभी तत्वों का शाश्वत स्रोत, हर चीज का शाश्वत अंत, निर्गुण और सगुण, सर्वोच्च अपरिवर्तनीय वास्तविकता, अभूतपूर्व बदलती वास्तविकता (प्रकृति), साथ ही प्रत्येक जीवित प्राणी के भीतर आत्मा होती है।

व्यासपीठ से पं. राजकुमार शर्मा ने आगे

कहा कि जो लोग देवी मां की सदैव महिमा सुनते हैं, जगदंबे का नाम जपते हैं तथा जिनका मन निरन्तर तेल की धारा के समान देवी जगदंबे में ही लगा रहता है, जो समस्त शुभ गुणों का भण्डार है। परन्तु उसमें कर्मों के फल की तनिक भी इच्छा नहीं रहती ; सामीप्य, साष्टी, सायुज्य, सालोक्य आदि मोक्षों की भी इच्छा नहीं करता। वह देवी मां में ही भक्ति से युक्त हो जाता है, देवी की ही पूजा करता है; देवी की सेवा से बढ़कर उसे कुछ भी नहीं मालूम, तथा वह मोक्ष की भी इच्छा नहीं करता। वह सेव्य तथा सेवक की भावना को त्यागना नहीं चाहता। वह निरन्तर जागृतिपूर्वक तथा परम भक्ति से प्रेरित होकर देवी जगदंबे का ध्यान करता है; वह अपने को देवी मां से पृथक नहीं मानता, अपितु अपने को %मैं ही भगवती हूँ% ऐसा मानता है। वह समस्त जीवों को अपने समान मानता है तथा अपने समान ही मुझसे प्रेम करता है। वह जीवों में और मुझमें कोई भेद नहीं मानता, सभी जीवों को नमन करता है तथा उनकी पूजा करता है ऐसे विचार करने वालों को सहज रूप से ही जीवन सरल हो जाता है और वे मां जगदंबे के कृपापात्र सदैव रहते हैं।

पं. राजकुमार शर्मा कहते हैं कि देवी भागवतम में कई ऐसी घटनाओं का वर्णन किया गया है जो सीधे कर्म को प्रभावित करती हैं। पुराण में व्यास, नारद और नारायण कर्म सिद्धांत के प्रतिपादक हैं। वे आगे कहते हैं कि व्यक्ति के कर्मों को क्षमा कर देना चाहिए। जैसा कर्म होता है, वैसा ही परिणाम होता है। इस कथा में कर्म के सिद्धांत और भाग्य के सिद्धांत को पुराण में एक साथ मिला दिया गया है।

उन्होंने कहा कि देवी भागवत पुराण में देवी अविद्या (अज्ञान) के माध्यम से आत्म-बंधन का स्रोत और विद्या (ज्ञान) के माध्यम से आत्म-मुक्ति का स्रोत हैं। पाठ के अनुसार, वह ब्राह्मण की वैदिक आध्यात्मिक वास्तविकता अवधारणा, सर्वोच्च शक्ति, ब्रह्मांड के शासक, नायक, छिपी हुई ऊर्जा, शक्ति, हर चीज में निहित आनंद के समान है।मां जगदंबे की सर्वव्यापकता के विषय में बताया कि देवी की पहचान इस पुराण द्वारा सभी पदार्थ, धरती माता, ब्रह्मांड, आदिम सहित पूरी प्रकृति के रूप में की गई है। आगे वे कहते हैं कि देवी को ब्रह्मांड के गर्भ के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो अपने बच्चों के कार्यों का अवलोकन करती है।

श्रीमद् देवी भागवत में स्त्रियों के विषय में उल्लेखित कथाओं के संबंध में पं. राजकुमार शर्मा ने बताया कि देवी महात्म्य में कहीं भी महिलाओं के बारे में कुछ भी नकारात्मक नहीं कहा गया है, और यह स्पष्ट रूप से कहा गया है कि वीर, सौम्य, दृढ़, मजबूत सकारात्मक विचारों वाली सभी महिलाएं देवी का अंश हैं।

परंपराओं को जीवंत रखता है लोक संगीत : शिवराज

कई पुरस्कार से सम्मानित है शर्मा

कोरबा। छत्तीसगढ़ी गीतों को शब्द और स्वर देने वाले कलाकार पंडित शिवराज शर्मा का कहना है कि लोक संगीत केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह हमारी परंपराओं को जीवंत रखता है और समय के साथ बदलते हुए समाज का प्रतिबिंब भी प्रस्तुत करता है।

छत्तीसगढ़ राज्य शिक्षक अलंकरण से सम्मानित शिवराज शर्मा ने तरुण छत्तीसगढ़ से बातचीत में कहा की लोक संगीत किसी भी समाज की संस्कृति, परंपराओं और भावनाओं का दर्पण होता है। यह न केवल मनोरंजन का माध्यम है बल्कि समाज की कहानियों, संघर्षों, त्योहारों, और रीति-रिवाजों को पीढ़ी दर पीढ़ी संजोकर रखने का भी काम करता है।

छत्तीसगढ़ के अलावा विभिन्न राज्यों में अन्य राज्यों में अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके शिवराज शर्मा ने कहा कि संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण लोक संगीत किसी समाज की पहचान होती है। यह

गीत और धुनें एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाकर संस्कृति को जीवंत बनाए रखती हैं। अनेक पुरस्कार से सम्मानित श्री शर्मा का कहना है कि समाज की भावनाओं का प्रतिबिंब लोकगीतों में समाज की खुशियां और आशाएं झलकती हैं। उदाहरण के लिए, शादी के गीत, श्रम के गीत, वीर-रस के गीत आदि समाज की विभिन्न भावनाओं को दर्शाते हैं। भवानी भजन गंगा और अपने कई एल्बम को लेकर चर्चित शिवराज शर्मा ने यह भी कहा कि लोक संगीत लोगों को जोड़ने का कार्य करता है। सामूहिक रूप से गाए जाने वाले लोकगीत समाज में आपसी प्रेम और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं।

युवक-युवती परिचय सम्मेलन कराने पर चर्चा

कोरबा। कल चेकपोस्ट स्थित जिला साहू समाज के भवन में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें साहू समाज के द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन कराने पर चर्चा करते हुए आगे की रणनीति तैयार की गई। जिलाध्यक्ष गिरजा साहू, दिनेश साहू, घनश्याम साहू व अन्नू साहू ने इकाईयों में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी इकाइयों में युवक-युवती परिचय सम्मेलन के लिए आवेदन दे दिए गए हैं। इकाई के कार्यकर्ता आवेदन भरने में लगे हुए हैं। जिला कार्यालय में आवेदन जमा होने के बाद आगे की रणनीति तैयार होगी। इस दौरान नगरीय निकाय चुनाव को लेकर चर्चा की गई।

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com